मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, बुधवार, 24 सितंबर 2025
संवत 2082, आश्विन शुक्ल पक्ष 3 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 19 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ अब तो और भी प्रासंगिक हैं दीनदयाल उपाध्याय और उनके विचार
अंजना सिंह के लिए डबल धमाका, एक फिल्म रिलीज के लिए तैयार ◂◂ 6

# गुमला में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर पांच लाख का इनामी भी मारा गया





**संवाददाता**

**गुमला :** पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुमला में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सलियों में 5 लाख का इनामी छोटू भी शामिल हैं. घटनास्थल से तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। गुमला एसपी हारिश बिन जमां ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है. बताया जा रहा है कि गुमला के बिशनपुर थाना क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुआ है, जिसमें तीनों उग्रवादी मारे गए हैं।

**गुमला पुलिस की बड़ी कारवाई :** गुमला एसपी हारिश बिन जमां और उनकी टीम उग्रवादियों के लिए काल बनी हुई है. साल 2025 में आधा दर्जन से अधिक नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराने वाली गुमला एसपी की टीम ने झारखंड जगुआर के साथ मिलकर एक बार फिर से एनकाउंटर में तीन उग्रवादियों को मार गिराया है. गुमला जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के केचकी के रोगरीटोली में हुए एनकाउंटर में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी मारे गए हैं।

**कौन-कौन नक्सली मारा गया :**

**लालू लोहरा:-** लोहरदगा का रहने वाला लालू लोहरा सब जोनल कमांडर था. लालू के पास एके 47 बरामद हुआ है. इस पर पांच लाख का इनाम भी रखा गया था।

**छोटू उरांव:-** छोटू लातेहार का रहने वाला है. इसके ऊपर भी पांच लाख का इनाम था और वह भी सब जोनल कमांडर था.

**सुजीत उरांव:-** सुजीत उरांव कैडर था. वह लोहरदगा का रहने वाला था।

**लोहरदगा से शुरू हुई घेराबंदी :** दरअसल, पुलिस अधिकारियों को यह सूचना मिली थी कि लोहरदगा-गुमला बॉर्डर पर जेजेएमपी उग्रवादियों का एक दस्ता जमा हुआ है। दस्ते में छह से सात उग्रवादी है, इसकी भी सटीक सूचना थी. सूचना कन्फर्म होते ही झारखंड जगुआर, गुमला पुलिस और लोहरदगा पुलिस उग्रवादियों की खोज में लग गई. इसी बीच उग्रवादी गुमला जिले में प्रवेश कर गए। सूचना मिली कि सभी बिशनपुर थाना क्षेत्र के केचकी के रोगरीटोली में डेरा डाले हुए हैं. जानकारी पुख्ता होने के बाद झारखंड जगुआर की टीम के साथ गुमला पुलिस की नक्सल अभियान में दक्ष टीम ने मोर्चा संभाला. इसी बीच गांव में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के मूवमेंट को देख लिया और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

उग्रवादियों के फायरिंग का जवाब सुरक्षा बलों ने भी जबरदस्त तरीके से दिया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्रवाई से उग्रवादियों में खलबली मच गई। कुछ उग्रवादी गोली लगने के बावजूद जंगल में फरार होने में कामयाब हो गए. वहीं, सर्च अभियान के दौरान तीन उग्रवादी के शव बरामद किए गए।



## चंद्रघंटा : मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप

नवरात्रि में तीसरे दिन चंद्रघंटा देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस काँपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाईं देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए।

इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। इसलिए हमें चाहिए कि मन, वचन और कर्म के साथ ही काया को विहित विधि-विधान के अनुसार परिशुद्ध-पवित्र करके चंद्रघंटा के शरणागत होकर उनकी उपासना-आराधना करना चाहिए। इससे सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है।

**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**



## रांची-सिमडेगा रोड पर भीषण सड़क हादसा एक की मौत

**कामडारा :** गुमला जिला अंतर्गत कामडारा थाना क्षेत्र के रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग दुर्गा मंदिर के पास आज बुधवार की सुबह एक ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो गयी. इस हादसे में एक की मौत हो गयी है, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर है. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कामडारा में घायल का इलाज चल रहा है. मृतक की पहचान जामटोली गांव निवासी हरखू लोहरा का पुत्र बीसु लोहार के रूप में हुई है. घायल युवक की पहचान जरिया गांव निवासी राय स्वांसी का पुत्र जतरू स्वांसी के रूप में हुई है।

**खरीदारी करने जा रहे थे युवक :** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो युवक कामडारा के जरिया गांव से आज सुबह करीब 9:30 बजे एक मोटरसाइकिल (खल्23उ5454) में सवार होकर कामडारा बस्ती कुछ सामान खरीदने जा रहे थे. वे कामडारा बस्ती पहुंचने ही वाले थे. तभी एक यात्री बस को आगे ओवरटेक करने के क्रम में सामने से सिमडेगा की ओर से एक ट्रक आ गया. ट्रक और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई. हादसे में बीसु लोहार ट्रक के चक्के से बुरी तरह से कुचला गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. वहीं जतरू स्वांसी भी ट्रक के नीचे फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कामडारा पहुंचाया.

## जम्मू-कश्मीर के 4 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव के तारीखों का हुआ एलान

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में 4 राज्यसभा सीटें 2021 से ही खाली चल रही हैं। अब तक इन पर चुनाव नहीं हो पाया था, लेकिन अब इंतजार खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग ने बुधवार को घोषणा की है कि केंद्र शासित प्रदेश की सभी 4 राज्यसभा सीटों पर 24 अक्तूबर को चुनाव होगा। संयुक्त जम्मू-कश्मीर में भी 4 ही राज्यसभा सीटें थीं और जब पुनर्गठन हुआ तो सभी को उसके साथ ही रखा गया। वहीं लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है और वह चंडीगढ़ की तरह एक केंद्र शासित प्रदेश भर है। विधानसभा ना होने के चलते वहां राज्यसभा की सीट भी नहीं है। हालांकि लद्दाख में यह मांग उठती रही है कि उन्हें राज्य का दर्जा दिया जाए। फिलहाल वहां ऐसी मांग को लेकर प्रदर्शन भी चल रहा है। पंजाब की भी एक राज्यसभा सीट पर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ है। यहां भी 24 अक्तूबर को ही चुनाव होगा। इसी दिन शाम को जम्मू-कश्मीर की चारों सीटों और पंजाब की एक सीट पर हुए चुनाव के वोटों की गिनती होगी। संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से पंजाब में सीट खाली हुई थी, जिनका कार्यकाल 2028 तक था। उन्होंने 1 जुलाई को ही इस्तीफा दिया था। वहीं जम्मू-कश्मीर की सीटों की बात करें तो पुनर्गठन के बाद जिन सांसदों का इस्तीफा हुआ था, उनके स्थान पर नए सांसदों का चुनाव नहीं हो सका था। इसकी वजह थी कि पहले विधानसभा के चुनाव कराए गए। उसके बाद अब कई मसले आने के चलते चुनाव टलते रहे।

रिटायर होने वाले सांसदों में कांग्रेस के सीनियर नेता रहे गुलाम नबी आजाद भी शामिल थे। अब चुनाव की घोषणा के बाद यह देखना होगा कि भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से किन नेताओं को उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

# भारत ने सिख फॉर जस्टिस और गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ कसी सख्ती

**संवाददाता**

**नई दिल्ली :** खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भारत ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है।

इसी दौरान आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक विवादित का नक्शा जारी किया, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली को शामिल किया गया। भारत के खिलाफ सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने 'शहीद



जत्था' नाम से एक ग्रुप भी बनाया।

एनआईए ने इस मामले में बीएनएस 2023 की धारा 61(2) और यूएपीए की धारा 10 व 13 के तहत केस दर्ज किया है। अब एजेंसी इस साजिश में शामिल अन्य लोगों और इस नेटवर्क के विस्तार की जांच करेगी।

इससे पहले, कनाडा में आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी सहयोगी और दाहिना हाथ माने जाने वाला खालिस्तानी चरमपंथी इंद्रजीत सिंह गोसल की गिरफ्तारी हुई। गोसल की गिरफ्तारी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

जून 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद गोसल अमेरिका स्थित खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के एक प्रमुख कनाडाई आयोजक के रूप में सुर्खियों में आया। उसने खालिस्तान के समर्थन में कई जनमत संग्रह आयोजित किए थे, जिनका उद्देश्य पंजाब से अलग एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की मांग को समर्थन दिलाना था।

बताया जाता है कि भारतीय एजेंसियां नियमित रूप से कनाडा की एजेंसियों के साथ खुफिया जानकारी साझा कर रही हैं। हालांकि, इससे पहले बाबर खालसा इंटरनेशनल जैसे संगठनों की जानकारी साझा की जाती रही है, लेकिन इस बार ध्यान मुख्य रूप से 'सिख फॉर जस्टिस' पर केंद्रित है।



## रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ट्रंप ने बदले सुर कीव से जुड़ा कर दिया चौंकाने वाला दावा

**वाशिंगटन :** रूस-यूक्रेन संघर्ष पर अपने रुख में बड़ा बदलाव करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नया दावा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन 'लड़ने और जीतने' की स्थिति में है और अपने देश को मूल स्वरूप में वापस ला सकता है।

ट्रंप ने दावा करते हुए लिखा, यूक्रेन-रूस की सैन्य और आर्थिक स्थिति को पूरी तरह से जानने और समझने के बाद और रूस को हो रही आर्थिक परेशानी को देखने के बाद, मुझे लगता है कि यूक्रेन, यूरोपीय संघ के समर्थन से लड़ने और पूरे यूक्रेन को उसके मूल स्वरूप में वापस लाने की स्थिति में है। समय, धैर्य, यूरोप और विशेष रूप से नाटो के वित्तीय समर्थन के साथ, जहां से यह युद्ध शुरू हुआ था, मूल सीमाएं एक बहुत अच्छा विकल्प हैं। क्यों नहीं?

उन्होंने तर्क दिया कि रूस 'लक्ष्यहीन' लड़ाई लड़ रहा है और यह संघर्ष उन्हें 'कागजी शेर' जैसा बना देता है।

ट्रंप ने कहा, ₹रूस साढ़े तीन साल से बिना किसी उद्देश्य के एक ऐसा युद्ध लड़ रहा है, जिसे जीतने में एक वास्तविक सैन्य शक्ति को एक हफ्ते से भी कम समय लगना चाहिए था। यह रूस को अलग नहीं कर रहा है। वास्तव में, यह उन्हें 'कागजी शेर' जैसा बना रहा है।₹

उन्होंने रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन के 'महान साहस' की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ₹यूक्रेन अपने देश को उसके मूल स्वरूप में वापस ले पाएगा और कौन जाने, शायद उससे भी आगे चला जाए।"

हालांकि, ट्रंप ने 'सभी को शुभकामनाएं' देकर संयुक्त राज्य अमेरिका को इस संघर्ष से दूर कर दिया।

ट्रंप के मुताबिक, ₹पुतिन और रूस बड़ी आर्थिक मुश्किल में हैं और यह यूक्रेन के लिए कार्रवाई करने का समय है। बहरहाल, मैं दोनों देशों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हम नाटो को हथियार देना जारी रखेंगे ताकि नाटो उनके साथ जो चाहे कर सके। सभी को शुभकामनाएं।₹

इससे पहले न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान, ट्रंप ने नाटो के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर रूसी विमानों को मार गिराने का समर्थन किया और इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, ₹हां, मैं ऐसा करता हूं।₹

उन्होंने संघर्ष में यूक्रेनी प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि अमेरिका यूक्रेन का बहुत सम्मान करता है, वास्तव में यह अद्भुत है। वहीं, मंगलवार सुबह संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में ट्रंप ने यूरोपीय और नाटो देशों पर रूसी ऊर्जा खरीद जारी रखकर अपने ही खिलाफ युद्ध को वित्त पोषित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने दोहराया कि अमेरिका रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध तभी लगाने को तैयार है, जब यूरोप भी इसमें शामिल हो। ट्रंप ने कहा, ₹अगर रूस युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने को तैयार नहीं होता है, तो अमेरिका उस पर कड़े टैरिफ लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे संघर्ष रुक जाएगा। इन टैरिफ के प्रभावी होने के लिए, यूरोपीय देशों, आप सभी जो अभी यहां एकत्र हैं, को भी हमारे साथ मिलकर यही उपाय अपनाने होंगे।

# कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में खड़गे ने कहा 'भाजपा नीतीश कुमार को बोझ मानती है'



**कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने जनवरी 2024 में नीतीश कुमार को फिर से समर्थन देकर बिहार में एनडीए सरकार बनाई। नीतीश सरकार ने विकास का वादा किया, लेकिन बिहार की अर्थव्यवस्था पिछड़ रही है।**

**संवाददाता**

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हो रही है। कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि पटना में हो रही सीडब्ल्यूसी की यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर भारत एक बेहद चुनौतीपूर्ण और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। आज जब वोटर लिस्ट से आधिकारिक रूप से छेड़छाड़ किया जा रहा है तो आवश्यक है कि हम लोकतंत्र की जननी बिहार में अपनी सीडब्ल्यूसी की मीटिंग आयोजित करके इस देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाए रखने की अपनी प्रतिज्ञा को पुनः दोहराएं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने जनवरी 2024 में नीतीश कुमार को फिर से समर्थन देकर बिहार में एनडीए सरकार बनाई। नीतीश सरकार ने विकास का वादा किया, लेकिन बिहार की अर्थव्यवस्था पिछड़ रही है। 'डबल इंजन' का दावा खोखला साबित हुआ, केंद्र से कोई विशेष पैकेज नहीं मिला। बिहार में बेरोजगारी दर 15 प्रतिशत से ऊपर है। हर साल लाखों युवा पलायन करते हैं। भर्ती घोटाले की वजह से युवा सड़कों पर आंदोलन करके पुलिस की लाठी खाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों की हालत शायद देश में सबसे खराब है। बाढ़ के कारण हर साल लाखों लोग कोसी और गंडक नदियों से नुकसान उठाते हैं। यह इस बात का सबूत है कि बाढ़ प्रबंधन में सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि बिहार के पुनर्निर्माण का बिगुल फूंका जाए। कांग्रेस पार्टी अपने गठबंधन दलों के साथ मिलकर बिहार के लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और सुशासन मुहैया कराएगी। बिहार की जनता लंबे समय से ह्यस्वर्णिम बिहारह्न का सपना देख रही है और हम सब मिलकर इसे साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव न सिर्फ राज्य, बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

न्यूज IN ब्रीफ



## नि:शुल्क दवा का किया गया वितरण

**रांची।** मंगलावर को चुटिया स्थित श्री गौरा आयुर्वेद, धर्मशाला रोड में डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस शिविर में वैद्य भरत कुमार अग्रवाल ने लगभग 84 लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर में निःशुल्क शुगर एवं बीपी की भी जांच की गई।इस अवसर पर श्री रत्नेश अग्रवाल , ओमप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, धीरज साहू, श्रीमती मंजू देवी, बबलू मुंडा एवं डाबर इंडिया के प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार सिंह एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

## जीएसटी 2.0 लाएगा हर चेहरे पर मुस्कान, रोजमर्रा की वस्तुओं की घटे दाम : सुनील कुमार सिंह



**रांची:** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 को जनता के लिए ऐतिहासिक और सराहनीय कदम बताया। इससे जनता और व्यापारियों को मिलेगा फायदा। कहा कि केंद्र सरकार ने रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी दर में भारी कमी की है, जिससे आम जनता को सस्ता सामान उपलब्ध होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आर्थिक नीतियों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। साथ हीं कहा कि यह कदम देश की गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय जनता के लिए राहत देने वाला है। सुनील कुमार सिंह ने बताया कि खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, जीवन रक्षक दवाइयां और घरेलू आवश्यकताएं पहले की तुलना में अब कम जीएसटी दर पर उपलब्ध होगी। इससे न केवल आम लोगों की जेब पर बोझ कम पड़ेगा, बल्कि छोटे और मँझले व्यापारी वर्ग को भी कारोबार में बढ़ावा मिलेगा। कहा कि जीएसटी में कमी से रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। जिससे गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के लोग अपने दैनिक खर्च में राहत महसूस करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की आर्थिक दूरदर्शिता और आम जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। पहले जहां महंगाई पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती थी, वहीं अब जीएसटी 2.0 के तहत कर प्रणाली को सरल बनाकर महंगाई को नियंत्रित करने तथा आम जनता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। इस पहल से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। कहा कि आम जनता की आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता करते हुए जीएसटी की दरों में कटौती कर हर चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वह इस बदलाव का लाभ उठाएं और आवश्यक वस्तुएं आसानी से उपलब्ध कराएं।

## गो-तस्करों ने की मॉब लिंचिंग की कोशिश



**रांची :** तीन दिन पूर्व पिठौरिया निवासी कुणाल केसरी की गो-तस्करों ने मॉब लिंचिंग की कोशिश की थी। इस घटना में कुणाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनका उपचार राज अस्पताल में चल रहा है। आज केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अस्पताल जाकर हालचाल लिया। अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सकों से बात कर इनके उपचार की जानकारी ली। मंत्री ने मौके पर से ही अधिकारियों से बात कर दोषियों पर अविलंब कठोर कार्रवाई करने को कहा।

## मोटी रकम के साथ स्टेशन पर पकड़ाए दो लोग, धनबाद आरपीएफ ने किया आईटी के हवाले



**धनबाद:** रेलवे द्वारा ऑपरेशन सर्तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर चलाए गए चेकिंग अभियान आरपीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ को यह सफलता सीआईबी की सूचना पर मिली है।

सीआईबी से सूचना मिलने के बाद एक्टिव मोड में आई आरपीएफ टीम ने धनबाद रेलवे स्टेशन पर गहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन के साउथ साइड लगेज स्कैनर के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों के पिट्ठू बैग से 41 लाख 22 हजार 400 रुपया कैश बरामद हुआ। वहीं आरपीएफ और उक्क की टीम ने कार्रवाई कर दोनों को हिरासत में लिया और बरामद रुपयों को आयकर विभाग के सुपुर्द कर दिया। हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान हरेंद्र प्रसाद (50 वर्ष) और संतोष कुमार खरवार (45 वर्ष) के रूप में की गई है। संतोष बिहार के रोहतास जिला में सूर्यपुरा का रहने वाला है। दोनों ने रुपयों को अखबार व गमछे में छुपाकर स्कैनर से बचने की कोशिश की थी। फिलहाल रकम को सुरक्षित सीलबंद कर शस्त्रागार में रखा गया है और आगे की जांच आयकर विभाग कर रही है। इस कार्रवाई को लेकर आरपीएफ कमांडेंट अनुराग मीणा ने बताया कि धनबाद रेलवे स्टेशन के साउथ साइड स्कैनर मशीन जांच के दौरान बड़ी रकम पकड़ी गई है। आयकर विभाग के अधिकारियों को पूछताछ में दोनों ने बताया है कि दोनों गल्ला व्यापारी हैं। दोनों दीक्षाभूमि एक्सप्रेस से धनबाद से सासाराम जाने वाले थे। फिलहाल आयकर विभाग के अधिकारी जांच पड़ताल कर रहे हैं।

# रांची में मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई मधुकम में 42 किलो संदिग्ध मिलावटी घी जब्त

संवाददाता

**रांची:** त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। बाजार पर दुर्गोत्सव का रंग दिखने लगा है। आम लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ उमड़ने लगी है। लेकिन सावधान! अगर आप मिठाई या घी खरीदने जा रहे हैं तो अलर्ट हो जाए, यह जरूर जान लें कि मिठाई या घी मिलावटी तो नहीं है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं।

**मिठाई की दुकानों पर की गई छापामारी :** टीम ने सुखदेव नगर



थाना क्षेत्र के मधुकम स्थित एक खाद्य प्रतिष्ठान पर छापेमारी की तो वहां की व्यवस्था देखकर सबके होश उड़ गए। पहला खुलासा तो यह हुआ कि संबंधित प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था। दूसरा ये कि मौका से 42 किलो मिलावटी घी जब्त किया गया। फिलहाल संबंधित प्रतिष्ठान को अगले आदेश तक बंद रखने को कहा गया है।

**गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश :** जांच अभियान के क्रम में पिस्का मोड़ के पास मौजूद कावेरी रेस्टोरेंट, भोला मिष्ठान भंडार, रातू रोड चौक के पास बीकानेर स्वीट्स, छप्पन भोग सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठानों को ऋरअक लाइसेंस प्रदर्शित करने, फूड हैंडलर्स का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनाए रखने, खाद्य प्रतिष्ठानों और कारखानों में विशेष स्वच्छता का ध्यान रखने के अलावा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**मिलावटखोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का अनुरोध** : अनुमंडल पदाधिकारी सदर की देखरेख में विशेष जांच अभियान त्योहारों के समापन तक लगातार जारी रहेगा, ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन की तरफ से नंबर (9430328080) भी जारी किया गया है जिस पर मिलावटखोरों की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### रामगढ़ पुलिस के शिकंजे में अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना

# गहनों की दुकान में लूटपाट कर फैला रखा था आतंक



संवाददाता

**रामगढ़:** सोना-चांदी दुकान में लूटपाट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना धीरज मिश्रा के साथ लूटकांड में शामिल चार लुटेरों को रामगढ़ पुलिस ने दबोचा है। इनके पास से दो पिस्तौल, दो देसी कट्टा, 21 जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, एक स्कूटी, दो मोबाइल, एक चाकू, दो फर्जी आधार कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड, एक पीस डोंगल, दो मोबाइल सिम बरामद किया है

***क्या हुई थी वारदात*** **:** जिला के जेसी ज्वेलर्स में अज्ञात 05-06 अपराधकर्मियों के द्वारा 7 सितंबर को पिस्टल का भय दिखाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान इन अपराधियों ने फायरिंग भी की थी लेकिन दुकानदार के विरोध करने पर लूटपाट की वारदात नहीं हो सकी। अपराधी हल्ला हंगामा को देख फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके उद्भेदन के लिए रामगढ़ एसपी के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक रख्र का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा जेसी ज्वेलर्स दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अलग-अलग जगह पर छापामारी की गयी। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर अंतरराज्यीय गिरोह के चार लुटेरों को रामगढ़ पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया।

रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ में लूटपाट की वारदात में असफल होने के बाद अंतरराज्यीय गिरोह के लुटेरे रामगढ़ थाना क्षेत्र के पूर्व में सुनसान स्थान पर बैठकर बोकारो में ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

इसके बाद एसआईटी टीम में शामिल पुलिस कर में उक्त स्थल पर पहुंचे जहां पुलिस को देखकर वहां बैठे लोग भागने लगे पुलिस ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ा। जिनमें से कुछ लोग फरार हो गए जबकि चार लोगों को पकड़ा गया और जब इनसे इनका नाम पूछा गया तो इन्होंने रूपेश विश्वकर्मा (गढ़वा), धीरज मिश्रा (बक्सर), राहुल यादव (औरंगाबाद), सौरभ राम (पलामू) बताया।

जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ कि तो इन चारों ने रामगढ़ की ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की वारदात में अपनी संलिप्तता बताई। पकड़े गए चारों अपराधी काफी शातिर हैं यह आपराधिक गिरोह के सदस्य लगभग 15 वर्षों से झारखंड और बिहार के दर्जनों जिलों में बैंक और ज्वेलरी शॉप में डाका डाल चुके हैं।

इस आपराधिक गिरोह का मुख्य टारगेट होलसेल ज्वलेरी विक्रेता के लोग होते हैं। जहां पर डाका डालने पर बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण हाथ लगता है। रामगढ़ में घटना करने के लिए कैथा में किराए के मकान में लुटेरे रहते थे और यह लुटेरे अगर कभी गिरफ्तार हो जाते थे तो वापस जेल से निकलने के बाद फिर से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने में जुट जाते हैं।

**गिरोह द्वारा किये गये वारदात** : वर्ष 2021 - कोडरमा घाटी में स्वर्ण व्यवसयी को अगवा कर लूटपाट की गयी थी, उनकी गाड़ी को रांची के तरफ ले जा रहे थे पर ओरमांझी थाना क्षेत्र में पकड़े गये। इन सभी के पास से 1,47,00,000/- (एक करोड़ सैतालिस लाख नकद), तीन करोड़ मुल्य का सोना और 56 केजी चांदी बरामद किया गया था।

वर्ष 2018 - बिहार के औरंगाबाद में जेवलरी शॉप में भीषण डाका डाला गया था। जिसमें 40 लाख रुपया से अधिक मुल्य का सोने के जेवरात की लूट गयी गयी थी।

वर्ष 2021 - रांची के धुर्वा के जिला पार्षद वैद प्रकाश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना में धीरज मिश्रा फरार चल रहा है।



## लातेहार में चलती बाइक में अचानक लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान

**लातेहार:** जिला मुख्यालय के करकट मोहल्ले के पास एनएच 39 पर अचानक चलती हुई बाइक में आग लग गई। इस घटना में बाइक जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि बाइक चालक समय रहते बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। जिस कारण उसकी जान बच गई। हादसे के बाद लगभग आधे घंटे तक सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

दरअसल लातेहार जिले के मनिका निवासी अविनाश कुमार यादव अपनी बाइक से लातेहार आ रहे थे। इसी दौरान करकट शिव मंदिर के पास पहुंचने पर अचानक बाइक से धुआं और आग की चिंगारी निकलने लगी। यह देख बाइक सवार अविनाश कुमार ने तुरंत बाइक रोक दी। उनके रुकते ही बाइक से आग की लपटें उठने लगीं।

अचानक बाइक में भीषण आग लगी देख अविनाश किसी प्रकार बाइक छोड़ अपनी जान बचाकर मौके से भागे। थोड़ी देर में ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। इधर बीच सड़क पर गाड़ी में आग लगी देख मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। हालांकि स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

इस संबंध में बाइक चालक अविनाश कुमार ने बताया कि उनकी गाड़ी पूरी तरह ठीक थी। 'मैं मनिका से लातेहार आ रहे थे, तभी अचानक लातेहार पहुंचने पर गाड़ी से तेज धुआं निकलता देख मैं गाड़ी छोड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया और मेरे सामने ही आग बाइक में फैल गई।'

**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस :** इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची हालांकि तब तक बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। बाइक में आग लगा देख कुछ लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। इस दौरान 45 मिनट तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। जिसके बाद आग पर काबू पाने के बाद यातायात सामान्य हो पाया।

# झारखंड चैंबर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति सदस्यों की बैठक, अध्यक्ष बने आदित्य मलहोत्रा

संवाददाता

**रांची:** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2025-26 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक आज मंगलवार को चैंबर भवन में हुई।

चुनाव पदाधिकारी विकास सिंह और पवन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी गई और वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया।

इस बैठक के दौरान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्तमान कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आदित्य मल्होत्रा को चैंबर अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। साथ ही प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ को उपाध्यक्ष, रोहित अग्रवाल को महासचिव, नवजोत अलंग और




रोहित पोद्दार को सह सचिव और अनिल अग्रवाल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया।

**'हमसे अपनी समस्याएं साझा करें'**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने चैंबर को और अधिक मजबूती देने के प्रयास में व्यापारियों और उद्यमियों से अपेक्षित सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सदस्यों के भरोसे के अनुरूप मैं और हमारी पूरी कार्यसमिति के सदस्य 24 घंटे उपलब्ध हैं। व्यापारी चैंबर के सदस्य हों या नहीं, निःसंकोच हमसे अपनी समस्याएं साझा करें। पिछले कार्यकाल में चैंबर द्वारा किये गये सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने में वर्तमान टीम अपनी साकारात्मक भूमिका निभाएगी और हम चैंबर को और अधिक मजबूती देने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, मंडी टैक्स कानून स्थाई रूप से समाप्त हो, राज्य की बाजार मंडियां आदर्श मंडी के रूप में विकसित हों, रिवाइज्ड मास्टर प्लान का क्रियान्वयन हो, महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिले, राज्य में बंद पडी खदानें चालू हों, नये निवेश स्थापित हों इसका हम भरपूर प्रयास करेंगे।

देश के पूर्वी क्षेत्र में चैंबर्स के बीच हमारे फेडरेशन का प्रभाव बढ़ाने की पहल के साथ ही जिला और प्रखंड स्तर तक फेडरेशन की मजबूती के लिए वर्षभर राज्य के जिलों का दौरा मेरी विशेष प्राथमिकता है। इसे पूरा करने के लिए हम निरंतर प्रयास करेंगे। बैठक के बाद चुनाव पदाधिकारी विकास सिंह एवं पवन शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा एवं अन्य सभी पदाधिकारियों को पदभार सौंपा।

बता दें कि बीते रविवार को हुए चुनाव में टीम आदित्य ने भारी मतों से जीत दर्ज की थी। जिसके बाद यह साफ हो गया था कि आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व में चैंबर की नयी टीम बनेगी जिसकी औपचारिक घोषणा आज की गई। संवैधानिक रूप से चैंबर की नयी टीम हर साल एक अक्टूबर से पहले गठित किया जाना है।

इस बैठक में चुनाव पदाधिकारी बिकास सिंह एवं पवन शर्मा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलावा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य डॉ। अभिषेक रामाधीन, आस्था किरण, मुकेश अग्रवाल, मनीष सराफ, पूजा धाढा, अनिश बुधिया, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, किशोर मंत्री उपस्थित रहे।



# बिनोद बिहारी महतो व राजकिशोर महतो की जयंती पर आजसू ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता स्व. बिनोद बिहारी महतो की 102वीं जयंती आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति में 102 दीप प्रज्वलित कर उनके अमर योगदान को नमन किया गया। साथ ही, उनके सुपुत्र एवं झारखंड अस्मिता के सशक्त प्रहरी, आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष,पूर्व सांसद एवं विधायक स्व. राजकिशोर महतो की जयंती पर भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो जी ने मजदूर वर्ग, विस्थापितों और वंचित समुदाय को संगठित कर ह्लपढ़ो और लड़ोह्व जैसे क्रांतिकारी नारे के साथ झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी। उनका संघर्ष केवल राज्य निर्माण तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समानतापूर्ण और बौद्धिक झारखंड के निर्माण का सपना था।

# स्व. महतो ने शिक्षा को समाज की असली शक्ति माना : राज्यपाल

संवाददाता



**बोकारो/रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को स्व. बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर बोकारो में आयोजित पुष्पांजलि सभा में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो का जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की अद्वितीय गाथा है। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जीवनपर्यन्त कार्य किया तथा वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को आवाज देने का कार्य किया।

राज्यपाल ने कहा कि स्व. महतो ने शिक्षा को समाज की असली शक्ति माना और युवाओं को ाढ़ो और लड़ोह्व का प्रेरक संदेश दिया। यही कारण है कि उनकी विचारधारा आज भी युवा पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक है। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में उनके नाम पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय स्थापित है, जहां हाल ही में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि वे 1989 में लोकसभा पहुंचे और उसके बाद लगातार बरेली से आठ बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। 1991 में बिनोद बिहारी महतो हमारे साथी के रूप में लोकसभा में रहे। जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में झारखंड राज्य का सृजन हुआ तो उस समय भी वे लोकसभा के सदस्य थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्यवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

राज्यपाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि झारखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय का आदर्श राज्य बनाने का संकल्प लें, यही स्व० बिनोद बिहारी महतो जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राज्यपाल ने इससे पूर्व वहाँ स्थापित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संत जेवियर्स कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता-2025 का तीन दिवसीय आयोजन 25-27 सितंबर तक होने जा रहा है। इस बार इसकी मेजबानी संत जेवियर्स कॉलेज को मिली है। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आनेवाले अंगीभूत व संबद्धता प्राप्त कॉलेजों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबले के साथ 27 सितंबर को होगा। आयोजन सचिव राम मुर्मू ने बताया कि प्रतियोगिता कॉलेज ग्राउंड में मैट सर्फेस पर होगी।

## सदर अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सर्जरी का पांचवां वर्षगांठ मना

**रांची :** सदर अस्पताल ओटी परिसर में लेप्रोस्कोपी सर्जरी शुरू होने की पांचवी वर्षगांठ मनाई सोमवार को गई, साथ ही साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदर अस्पताल में द्वितीय पाली में ऑपरेशन की भी शुरूआत की गई।

आज से 5 वर्ष पूर्व कोविड के समय 22 सितंबर 2020 को सदर अस्पताल को झारखंड का ऐसा पहला जिला अस्पताल होने का गौरव प्राप्त हुआ था जहां लेप्रोस्कोपी सर्जरी शुरू की गई थी।

इस उपलक्ष्य पर केक काटकर लेप्रोस्कोपी सर्जरी शुरूआत होने की पांचवी वर्षगांठ मनाई गई।

इन पांच सालों में सैकड़ो मरीजों का इलाज मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विधि के द्वारा अब तक किया जा चुका है। आज सदर अस्पताल ने एक और नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ऐसा पहला जिला अस्पताल होने का सौभाग्य प्राप्त किया जहां पर द्वितीय पाली में भी मरीजों के ऑपरेशन होंगे। हाल के दिनों में देखा गया था कि ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या सदर अस्पताल में काफी बढ़ गई है। मरीजों को अपने ऑपरेशन के लिए काफी लंबा इंतजार भी करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में सदर अस्पताल प्रशासन ने यह निर्णय लिया की मरीजों को लाभ पहुंचाने के लिए वर्तमान संसाधन में द्वितीय पाली में ओटी शुरू की जाए। लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के पांच सफल वर्ष पूरे होने पर, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार , उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर चिकित्सकों एवं ओटी कर्मचारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी व टीकाकरण अभियान में तेजी

**रांची :** रांची नगर निगम ने एनजीओ डब्लूवीएस होप एंड एनिमल संस्था के साथ मिलकर,स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी एवं टीकाकरण अभियान को और तेजी से चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्ट्रीट डॉग्स की अनियंत्रित बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करना है, बल्कि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारियों की रोकथाम भी है। सोमवार को 10 स्ट्रीट डॉग्स की शल्य चिकित्सा द्वारा नसबंदी की गई। वार्ड संख्या 02 और 43 में 11 स्ट्रीट डॉग्स को नसबंदी एवं चिकित्सा के लिए पकड़ा गया और 40 डॉग्स का टीकाकरण भी किया गया। साथ ही नामकुम आर्मी कैंप से मिले स्ट्रीट डॉग्स की शिकायतों का भी हल किया गया। इस अभियान को लगातार चलाया जाएगा ताकि स्ट्रीट डॉग्स की संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके और साथ ही नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। नागरिक अपने क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स की जानकारी एवं शिकायत के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 1800-570-1235 पर संपर्क कर सकते है।

## रांची में अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा

**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लव कुश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को रांची नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति के कर्मियों एवं नागरिकों को निगम स्तर से दी जा रही सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। निगम की ओर से प्रशासक ने बताया कि निगम स्तर पर अनुसूचित जाति के कर्मियों को वेतन के अतिरिक्त ईपीएफ, ईएसआईसी और सुरक्षा किट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। अनुसूचित जाति के नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सहज बनाया जा रहा है। नागरिकों को ऋण देकर पिंक ऑटो परियोजना, दीदी कैंटीन, सोहराय पेंटिंग और वेंडर मार्केट में स्वरोजगार हेतु अवसर दिए गए हैं। इस अवसर पर प्रशासक सुशांत गौरव, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, निगम के कर्मचारी एवं लाभुक उपस्थित रहे।

## 36वीं जूनियर ईस्ट जोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज

**रांची :** राजधानी रांची इन दिनों खेलों की उमंग से सराबोर है। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 22 से 24 सितंबर तक 36वीं जूनियर पूर्वी क्षेत्र एथलेटिक ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 650 उभरते एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

**बड़े स्तर पर तैयारियां :** झारखंड एथलेटिक्स संघ और राज्य खेल निदेशालय की मेजबानी में आयोजित इस टूनार्मेंट को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की मंजूरी से टेक्निकल स्टाफ की तैनाती की गई है।

# युवाओं को गुमराह करने की भाजपा की साजिश बेनकाब : विनोद पांडेय

संवाददाता

**रांची :** झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा रोजगार जैसे गंभीर मुद्दे पर भी भ्रामक आंकड़े और झूठ परोस कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। वास्तविकता यह है कि हेमंत सोरेन सरकार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। भाजपा को कम से कम रोजगार के मुद्दे पर कुछ भी कहने का नैतिक हक नहीं है। भाजपा नेताओं को दो करोड़ नौकरी के वादे का हिसाब पहले देना चाहिए। केंद्र की सत्ता में भाजपा 11 साल से बैठी है, लेकिन जुमले के अलावा युवाओं को कुछ भी नहीं दिया है।

दूसरी ओर हेमंत सरकार लगातार नौकरियां बांट रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य में बेरोजगारी और नियुक्तियों की सबसे खराब स्थिति उन्हीं के शासनकाल में बनी थी। रघुवर सरकार ने पांच वर्षों में नियुक्तियों के नाम पर केवल परीक्षाओं को लटकाने और युवाओं को भटकाने का काम किया। भाजपा बताए कि उसने अपने शासनकाल में कितने युवाओं को नौकरी दी? भाजपा को युवाओं के आंसुओं का हिसाब जनता को देना चाहिए। झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट-2 में महज नौ महीने का समय हुआ है, इस दौरान भाजपा द्वारा पैदा की गई कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी बाधाओं को दूर करके सरकार काफी आगे बढ़ चुकी है। जेपीएससी की कई परीक्षाओं को लेकर जो विवाद और कोर्ट केस भाजपा सरकार की देन है, उसी का समाधान निकालकर नियुक्तियों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। हजारों पदों पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और आने वाले महीनों में नियुक्तियों की गति और तेज होगी। जेपीएससी, जेएसएससी के माध्यम से लगातार नियुक्तियां हो रही हैं। कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा। चिकित्सकों को जल्द नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा है कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा। पिछली सरकार में भी हर महीने नियुक्तियां हुईं और वह भी बिल्कुल पारदर्शी तरीके से। सरकार के प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है और यही भाजपा की बेचैनी का करना बन गया है। सरकार नौकरी से आगे की बात भी सोच रही विनोद पांडेय ने कहा कि सरकार सिर्फ नौकरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देकर लाखों युवाओं के लिए अवसर सृजित कर रही है। झारखंड कौशल मिशन, स्टार्टअप पॉलिसी और विभिन्न योजनाओं के जरिए हजारों युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और उद्यमिता से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम केवल नकारात्मक राजनीति करना और जनता को भ्रमित करना है।

## 253 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

**रांची :** शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए रांची पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह के द्वारा सभी यातायात थाना प्रभारियों और चौक-चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सख्ती से वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 253 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। जिनमें तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले सात वाहन चालकों पर जुमार्ना लगाया गया। अपनी गाड़ियों में काले शीशे लगाकर घूमने वाले 34 वाहनों पर कार्रवाई हुई। नो-पार्किंग जोन में खड़े मिले 189 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जो शहर की सड़कों पर जाम का एक बड़ा कारण बनते हैं। गलत दिशा से वाहन चलाने वाले 13 लोगों को पकड़ा गया, जिससे अक्सर गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। बिना साइलेंसर वाले और अवैध रूप से नेम बोर्ड लगाकर चलने वाले दो वाहनों पर भी कार्रवाई हुई। मोटरबाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले तीन वाहन चालकों को भी रोका गया और उन पर जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा अवैध स्टीकर लगाकर वाहनों का इस्तेमाल करने वाले तीन चालकों पर भी कार्रवाई की गई।

## जीएसटी 2.0 भारत की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में मील का पत्थर है : जयेश

**रांची :** भारतीयं उद्योग परिसंघ (सीआईआई) झारखंड की ओर से जीएसटी 2.0 प्रमुख बदलाव एवं उद्योग पर प्रभावह्व पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य जीएसटी 2.0 के तहत हुए हालिया सुधारों, अनुपालन आवश्यकताओं और उनके उद्योग जगत पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तृत जानकारी देना था। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने व्यावहारिक सुझाव और रणनीतियाँ साझा कीं, ताकि व्यवसाय नई कर प्रणाली के अनुरूप स्वयं को प्रभावी रूप से ढाल सकें।

जयेश टांक, मेंटर, सीआईआई झारखंड एवं सीईओ ने कहा कि जीएसटी 2.0 भारत की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सुधार न केवल अनुपालन को सरल बनाता है, बल्कि पारदर्शिता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने विशेष रूप से एमएसएमई के लिए उत्पन्न हो रही नई संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। श्री टांक ने जीएसटी को व्यापार करने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने वाला कदम बताया। विकास मित्तल, संयोजक, सीआईआई झारखंड आर्थिक, वित्तीय एवं कर मामलों की समिति एवं चीफ लीगल काउंसल, टाटा स्टील लिमिटेड ने कहा कि जीएसटी 2.0 भारत के आर्थिक सुधारों में सबसे बड़ा बदलाव है। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली के तहत 5% की दर आवश्यक वस्तुओं के लिए, 18% मानक दर और 40% विलासिता एवं ह्यसिनह्व वस्तुओं के लिए निर्धारित की गई है। यह संरचना न केवल व्यापारियों, एमएसएमई, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि महंगाई में भी कमी ला सकती है। संजय कुलकर्णी ने जीएसटी 2.0 की सादगी और समाज पर इसके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने सरकार और वित्त मंत्री के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने कर ढांचे को सरल और जनहितकारी बनाने हेतु राज्यों को एक मंच पर लाया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए उद्योग जगत से सहयोग का आह्वान किया। अरुण ए गौर, सह-संयोजक, आर्थिक, वित्तीय एवं कर मामलों की समिति ने कहा कि जीएसटी 2.0 न केवल एक कर सुधार है,

## डिफेंस के पेंशनर्स से संबंधित शिकायतों का होगा त्वरित निपटारा

**रांची :** रांची के दीपाटोली कैंट स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में 24 सितंबर को डिफेंस पेंशनर्स आउटरीच कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम रक्षा लेखा नियंत्रक पटना के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। रक्षा लेखा नियंत्रक पटना कमांड प्रमुख हिमांशु शंकर ने सोमवार को रांची में प्रेसवार्ता कर बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और उन्हें विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि यह 212वां स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम होगा। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रक्षा महानियंत्रक आरके अरोड़ा समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वरिष्ठ पेंशनरों, 28 वीर नारियों और गैलेंट्री अवार्ड विजेताओं का सम्मानित किया जाएगा। 12 पेंशनरों को 1.63 करोड़ रुपये एरियर का चेक भी सौंपा जाएगा। गुमला और जमशेदपुर से आने वाले पेंशनरों के लिए विशेष बस सेवा की व्यवस्था की गई है। राज्य में 40 हजार से अधिक पेंशनर्स हिमांशु शंकर ने बताया कि वर्तमान में देश में करीब 34 लाख पेंशनर स्पर्श पोर्टल से जुड़े हैं, जबकि लगभग 4 लाख पेंशनरों का माइग्रेशन शेष है। झारखंड में कुल 40 हजार पेंशनर्स हैं, जिनमें 10 हजार रांची से हैं। आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से इन पेंशनरों को जोड़ा जाएगा, ताकि उनका डिजिटाइज जीवन प्रमाण पत्र मिल सके और इसके संचालन से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशनरों की आम समस्याओं जैसे बैंक डेटा का मिलान, आधार कार्ड या नाम की त्रुटियां, पत्नी-बच्चों की जन्मतिथि से जुड़ी गड़बड़ियां कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट सुलझाई जाएंगी।

## प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि पर नारी शक्ति को एक बड़ी सौगात दी है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन मुफ्त उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एलपीजी गरीब परिवारों की पहुंच से बाहर थी। महिलाएं धुएं से भरे चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर थीं, जिससे उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

# जेएलकेएम नेता देवेन्द्र नाथ महतो समेत छह पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता



**मूरी :** कुड़मी समाज द्वारा आहूत रेल टेका डहर छेका आन्दोलन दक्षिणी पूर्वी प्रमंडल रांची पूर्वी जोन मूरी - सिल्ली रेल खंड पर आंदोलन में भारी संख्या में लोग जुटे थे, आंदोलन को असफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन दो दिन पहले से ही एड़ी चोटी एक कर दी थी । झारखंड के प्रमुख आंदोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो को डिटेन करने के लिए पुलिस दो दिन पूर्व ही तलाश कर रही थी लेकिन देवेन्द्र नाथ महतो बचते रहे तथा 20 सितम्बर को अपने गृह विधान सभा सिल्ली क्षेत्र से हजारों की संख्या में लगभग 20 किलो मिटर पैदल चल कर हजारों समर्थक के साथ मूरी - सिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा था और रेल पटरी पर जमे रहा । कुछ ही देर में आंदोलनकारियों के जनसैलाब उमड़ पड़ा और कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करो, कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करो, सरना धर्म कोड लागू करो का नारा देर रात बुलंद किया , अंततः रात्रि 10 बजे देवेंद्र नाथ महतो और सरकार के अधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित हुआ तथा रेल सेवा सुचारू रूप से संचालित हुआ । लेकिन पुलिस कानूनी कार्रवाई करते हुए जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए छह नेताओं पर आरपीएफ पोस्ट/ मूरी ओपी में 20 सितम्बर 2025 को केस संख्या 2158/25 के तहत धारा 145, 146, 147 एवं रेल अधिनियम 174 (क) के तहत देवेंद्र नाथ महतो (नेता, जेएलकेएम ) , सुदेश कुमार महतो,( नेता आजसू पार्टी पूर्व विधायक), रामपदो महतो ( वरिष्ठ नेता जेएलकेएम) , कृष्ण महतो (जेएलकेएम सिल्ली विधान सभा प्रभारी ) डोला महतो ( आदिवासी कुड़मी समाज ) , श्रीकांत महतो ( आदिवासी कुड़मी समाज) के विरुद्ध नामदर्ज एफआईआर किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।**
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई-मेल : eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–RCD/RANCHI(GRAMIN)- 09/2025-26, Dt. 20.09.2025**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 09.10.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 10.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (i) मुख्य अभियंता (या०) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रिंक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रामडेरा स्थित निरीक्षण भवन में फर्नीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |
| 2 | जोन्हा, रामडेरा एवं सिल्ली स्थित (कुल पाँच) निरीक्षण भवन में एक वर्श हेतु केयर टेकर एवं रात्रि प्रहरी आपूर्ति कार्य। | 9.00 | 18000.00 | 1250.00 | 365 दिन |

नोट :–1. निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि को 3:00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण) कार्यालय परिसर के अंदर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा ग्रुप बनाकर वार्तालाप करने, भोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर निविदा को रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR.NO.362659 Road(25-26):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## श्रद्धा अंत:करण का प्रसाद

पूर्वजों पितरों के प्रति श्रद्धापूर्णता राष्ट्रजीवन की श्रद्धा रही है। जीवन की सांझ आ गई है। पक्षी कलरव कर चुके। प्रकृति विश्राम करने जा रही है, लेकिन बूढ़े लोग जीवन की सांझ में अकेले हैं। पुत्र उनकी उपेक्षा करते हैं। अपमान करते हैं। देश में वरिष्ठ नागरिक अकेलेपन के शिकार हैं। वे उपयोगी नहीं रहे। उपयोगितावाद यूरोप, अमेरिका से यहाँ आया है। श्रद्धा भाव है और श्राद्ध कर्मकाण्ड। श्रद्धा अंत:करण का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारतीय विद्वानों ने भाव को कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न, जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं। हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है।

लोक मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतरकर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं। कुछ विद्वान कहते हैं कि ऐसे कर्मकाण्ड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं। लेकिन कर्मकाण्ड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं?ह्व इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, ह्लपिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है। मत्स्य पुराण के प्रश्न तत्कालीन समाज के जिज्ञासुओं के तर्क हैं। प्रश्नों के उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण हो सकते हैं। श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है। लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है ह्लयह भोजन पिता जी आपके लिए है।ह्व याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है ह्लवसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का वास्तविक अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं। प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। पितर श्रद्धा यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति समर्पित दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण हैं। कहते हैं ह्लयम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से सभी मनुष्य जायेंगे। अन्ततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है।ह्व मृत पिता से कहते हैं ह्लजिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गये हैं, आप भी उसी से गमन करें।ह्व फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि ह्लआप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं।ह्व आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, ह्लजो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गए हैं। उन सबको नमस्कार है। इदं पितृभ्यो नमः अस्त्वद्य ये पूवासी या उपरास ईयुः।ह्व फिर कहते हैं, ह्लहे पितरों! हमारे आवाहन पर आप आएं। यज्ञशाला में दक्षिण की ओर कुश में बैठें। पूर्वजों पितरों का सम्मान और मृत होने के बावजूद उन्हें स्मरण करना आनंददायी है। उप्र में विवाह के एक दिन पूर्व महिलाएं लोक गीत गायन करती हैं, गीत में मृत पितरों को निमंत्रण है कि आप सब इस विवाह में आओ। बरात चलो। विवाह में आशीष दो। शास्त्र पुराना है या लोक? कह नहीं सकता। पितरों को निमंत्रण देने वाला लोकगीत पुराना है या ऋग्वेद के पितर सम्बंधी मंत्र? सच क्या है? मैं नहीं जानता पर मृत पितरों को जीवंत जानना स्मरण करना आह्लादकारी है। कर्मकाण्ड सचेत भी हो सकते हैं और अचेत भी। दोनों ही स्थिति में अनायास कुछ नया घटित हो सकता है। भारतीय चिन्तन में सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व भी जाना गया है। सूक्ष्म शरीर पर भी प्रश्न उठाए जा सकते हैं। भोजन अर्पण शुद्ध श्रद्धा है। उन्हें मिलता है कि नहीं? ऐसे प्रश्न महत्वपूर्ण होकर भी श्रद्धा के सामने छोटे हैं। हम स्वाभाविक ही पूर्वजों की निन्दा में क्रोध करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विषय पर सुंदर उदाहरण सुनाया था। कथा के अनुसार एक श्रद्धालु पितृ श्राद्ध कर रहे थे। तार्किक ने पूछा कि क्या यह भोजन उन्हें ही मिलेगा? श्रद्धालु ने प्रश्नकर्ता के पिता को गाली दी। प्रश्नकर्ता गुस्से में आ गया। श्रद्धालु ने कहा कि आप बेकार गुस्से में हैं। आपके पिता तक यह गाली तो पहुंची ही नहीं। वे मृत हैं इसलिए गाली उन्हें मिल भी नहीं सकती। प्रश्नकर्ता निरूत्तर थे। श्राद्ध श्रद्धा की ही अभिव्यक्ति है। श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। संप्रति वरिष्ठों का सम्मान घटा है। मृत माता-पिता के प्रति श्रद्धा दूर की बात है, जीवित माता-पिता भी फफक रहे हैं। श्राद्ध सामान्य कर्मकाण्ड नहीं है। हमारे पूर्वजों ने ही सुंदर समाज के लिए ऐसे सुंदर कर्मकाण्ड को गढ़ा है। इस कर्मकाण्ड में स्वयं के भीतर पूर्वजों के प्रवाह का पुनर्सृजन संभव है। अग्रजो, मार्गदर्शक, पूर्वजो और मंत्रद्रष्टा पितरों को नमस्कार करते मन नहीं अघाता। ऋग्वेद के ऋषि ने सही गाया है-इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृभ्यः।

# बानू मुश्ताक : मैसूर दशहरा में हिंदू आस्था पर राजनीतिक प्रहार

> अब प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसी महिला को दशहरा जैसे महोत्सव का मुख्य अतिथि क्यों बनाया गया उत्तर स्पष्ट है कि यह तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस सरकार दिखा रही है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिनिधि है, सरकार बानू मुश्ताक के जरिए स्पष्ट तौर पर बता रही है कि वो जो चाहे कर सकती है, बहुसंख्यक परंपराओं के केंद्र में बैठ कर उसे जो करना होगा वह करेगी और कोई उसका कुछ नहीं कर सकता ।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की सबसे बड़ी पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता है। यहां सहअस्तित्व की परंपरा सदियों से रही है। किंतु इस परंपरा का लाभ उठाकर तुष्टिकरण की राजनीति ने भारतीय समाज को भीतर से कितना कमजोर किया है, इसका उदाहरण एक बार फिर कर्नाटक से सामने आया है। हाल ही में कर्नाटक के मैसूर दशहरा महोत्सव में घटित प्रकरण देखा जा सकता है। 22 सितंबर 2025, सोमवार को नवरात्रि का प्रारंभ हुआ। यह वह समय था जब देशभर के मंदिरों में कलश स्थापना और देवी की पूजा-अर्चना की जा रही थी। किंतु इसी दिन कांग्रेस शासित कर्नाटक में कहीं ऐसा भी कुछ घट रहा था जो लाखों हिंदुओं की आस्था को आहत पहुंचा रहा था। मैसूर का विश्व प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव, जिसकी शुरूआत माँ चामुंडेश्वरी मंदिर से होती है, इस बार बानू मुश्ताक नामक मुस्लिम लेखिका के हाथों सम्?पन्न कराया गया। उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर देवी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए और अनुष्ठान की औपचारिक शुरूआत की। पहली नजर में यह शायद समावेशिता और धार्मिक सौहार्द का प्रयास लगे, लेकिन इसकी हकीकत वस्तुतः हिंदू आस्था पर सीधा प्रहार है। क्योंकि बानू मुश्ताक न केवल इस्लामिक पृष्ठभूमि से आती हैं बल्कि वे बार-बार सार्वजनिक मंचों पर देवी-पूजा को अंधविश्वास करार देती रही हैं। उन्होंने देवी की शक्ति को नकारते हुए पूर्व के अपने कथनों में कई बार कहा है कि वास्तविक शक्ति किसी मूर्ति से नहीं, बल्कि निराकार (अल्लाह) से आती है। इसे आप उनका सीधे-सीधे हिंदू देवी-पूजा पर चोट करना भी मान सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कन्नड़ भाषा और संस्कृति पर भी सवाल उठाए हैं। कन्नड़भाषी समुदाय लंबे समय से भाषा को देवी सरस्वती से जोड़कर गर्व महसूस करता है। लेकिन बानू मुश्ताक का कथन है कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम है, इसका देवी से कोई लेना-देना नहीं। इसे देवी सरस्वती की देन मानना भटकाव है। यह वक्तव्य कन्नड़भाषियों की गहरी आस्था को चोट पहुँचाने वाला तो है ही, साथ में हर उस हिन्?दू का अपमान है, जो भाषाओं में मां सरस्वती का आराधन करते हैं । यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि देवी-देवताओं की पूजा समाज को विभाजित करती है और समानता तभी संभव है जब लोग मूर्तियों से ऊपर उठकर एक ईश्वर को मानेंगे। यह दृष्टिकोण पूरी तरह इस्लामी एकेश्वरवाद का परिप्रेक्ष्य है, जो बहुदेववाद को नकारता है। स्पष्ट है कि जिन विचारों में दशहरा जैसे पर्व की आत्मा को नकारा जाता है, उन्हीं विचारों से जुड़े व्यक्ति को मुख्य अतिथि बनाना क्या ये हिंदू समाज की भावनाओं का अपमान नहीं है महिला सशक्तिकरण पर भी उनके विचार विवादित हैं। उन्होंने कहा कि महिला को शक्ति देवी दुर्गा या चामुंडेश्वरी से नहीं मिलती, बल्कि शिक्षा और अधिकारों से मिलती है। पहली नजर में यह प्रगतिशील विचार लगता है, परंतु जब इसे देवी-पूजा को नकारते हुए प्रस्तुत किया जाता है तो यह उस मानसिकता को दर्शाता है जो पारंपरिक आस्था को खारिज करने पर आमादा है। विडंबना यह है कि इस्लाम के भीतर महिला अधिकारों पर प्रश्न उठाने से वह हमेशा बचती रही हैं, लेकिन सनातन परंपरा को कटघरे में खड़ा करने से कभी नहीं चूकतीं।

अब प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसी महिला को दशहरा जैसे महोत्सव का मुख्य अतिथि क्यों बनाया गया उत्तर स्पष्ट है कि यह तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस सरकार दिखा रही है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिनिधि है, सरकार बानू मुश्ताक के जरिए स्पष्ट तौर पर बता रही है कि वो जो चाहे कर सकती है, बहुसंख्यक परंपराओं के केंद्र में बैठ कर उसे जो करना होगा वह करेगी और कोई उसका कुछ नहीं कर सकता । देखा जाए तो यह केवल धार्मिक तटस्थता का प्रयास नहीं, बल्कि बहुसंख्यक आस्थाओं की अवहेलना और अपमान है। इस पूरे मामले को जब न्यायालय में चुनौती दी गई तो अदालत ने इसे ह्लसरकारी कार्यक्रमह्व कहकर याचिका खारिज कर दी। सवाल यह है कि क्या सदियों से चला आ रहा एक आगमिक अनुष्ठान महज सरकारी आयोजन है फिर तो हर बड़े आयोजन और मंदिरों में सरकार का हस्तक्षेप है, कल को हर कार्यक्रम में जिसमें सरकार इस तरह से करना चाहेगी, वो करेगी और हिन्दू सिर्फ सामने से देखता रहेगा कहने को यह विवाद केवल एक आयोजन का है, परंतु इसके दूरगामी निहितार्थ हैं। इससे यह संदेश गया है कि हिंदू पर्व और परंपराएँ अब राजनीतिक सौदेबाजी के लिए बिकाऊ वस्तु बन चुकी हैं। यह समाज की सांस्कृतिक अस्मिता के लिए गंभीर खतरा है। यदि आज हिंदू समाज सजग नहीं होगा, तो कल उसके मंदिर, उसकी परंपराएँ और उसकी आस्थाएँ पूरी तरह से राजनीतिक प्रयोगशाला में बदल जाएँगी। यहां यह प्रश्न भी उठता है कि क्या यह पहली बार हुआ है जब कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था पर प्रहार किया बिल्कुल नहीं। अतीत में ऐसे सैकड़ों उदाहरण भरे पड़े हैं जब मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदू परंपराओं को नीचा दिखाया गया। लेकिन सवाल यह है कि आखिर बार-बार कांग्रेस को यह अवसर कौन देता है जवाब स्पष्ट है, वही हिन्दू जनता, जो वोट डालते समय अपनी आस्था और अस्मिता को भूल जाती है और फिर बाद में उसकी उपेक्षा पर विलाप करती है।

आज आवश्यकता है आत्ममंथन की। क्या हम अपनी परंपराओं की रक्षा के लिए खड़े होंगे या केवल सोशल मीडिया पर आक्रोश व्यक्त करके संतोष कर लेंगे क्या हम अपने पर्वों और अनुष्ठानों को किसी सरकार या अदालत की व्याख्या पर छोड़ देंगे या स्वयं उनकी गरिमा की रक्षा करेंगे यह प्रकरण हमें याद दिलाता है कि मंदिर, अनुष्ठान और परंपराएँ किसी सरकार या व्यक्ति की बपौती नहीं हैं। ये सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक-सांस्कृतिक विरासत हैं, जिनकी रक्षा का दायित्व स्वयं समाज का है। यदि हिंदू समाज स्वयं नहीं जागेगा तो आने वाले समय में भी उसकी आस्थाएँ लगातार अपमानित होती रहेंगी।

यह घटना चेतावनी है कि यदि अब भी हिंदू समाज नहीं जागा तो उसकी सांस्कृतिक अस्मिता धीरे-धीरे मिटा दी जाएगी। दोष कांग्रेस या अदालत का नहीं, दोष हमारी अपनी निष्क्रियता का होगा। हमें स्वयं अपनी परंपराओं, अपने मंदिरों और अपनी आस्थाओं की रक्षा करनी होगी, क्योंकि यह कार्य न तो कोई सरकार करेगी, न अदालत और न ही किसी अन्य का यह कार्य है।

# अब तो और भी प्रासंगिक हैं दीनदयाल उपाध्याय और उनके विचार

> हर व्यक्ति, हर समाज, हर देश और कुल मिलाकर पूरी दुनिया अगर इस भाव को अंगिकार कर ले तो निश्चित रूप से न केवल विश्व शांति की स्थापना हो पाएगी बल्कि भारत का ही दर्शन ह्लउदार चरितानाम, वसुधैव कुटुंबकमह्लकी भावना सार्थक सिद्ध हो पाएगी। आज इसकी बहुत आवश्यकता है। यदि ऐसा हो पाया तो निश्चित रूप से न केवल वैश्विक शांति की स्थापना होगी बल्कि पर्यावरण का संरक्षण होगा।

**डॉ. उदय भान सिंह**

एकात्म मानव दर्शन, ह्यअंत्योदयह्न, ह्यस्वह्न व ह्यचितिह्न जैसे कालजयी तथा भारतीय दर्शन पर आधारित अवधारणा देने व वर्तमान समय के अनुसार उनकी व्याख्या करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितंबर को है। जिस प्रकार की आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियाँ उत्पन्न हुई है, ऐसे में उपाध्याय का एकात्मक मानव दर्शन,अंत्योदय व अन्य सिद्धांतों को समझना और उन्हें आत्मसात कर क्रियान्वित करना समय की प्रबल मांग है। विश्व के विभिन्न कोनों में हम आज हम अफरा -तफरी स्वार्थ, हिंसा, एक दूसरे से गलाकाट प्रतिस्पर्धा, देशों के बीच खूनी संघर्ष, एक -दूसरे को नीचा दिखाने की कुत्सित मानसिकतायें व ऐसी ही अनेक समस्याओं से जूझती मानवता को सहज ही देख सकते हैं।ऐसे में समाधान के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनके दर्शन उभर कर सामने आते हैं।

उपाध्याय का एकात्मक मानव दर्शन वास्तव में भारतीय संस्कृति के उन मूल्यों पर आधारित है आधारित है, जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य पर जोर देता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि₹एकात्म मानवदर्शन₹ अर्थात मानव को उसके समग्र रूप में देखना–शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वय और व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा सृष्टि के साथ उसका संबंध।यह पश्चिमी भौतिकवाद और साम्यवाद के विपरीत, आत्मा, संस्कृति और सामाजिक कल्याण को केंद्र में रखता है, व्यक्ति को समग्र विकास के लिए प्रेरित करता है। यदि दुनिया का हर व्यक्ति, हर समाज, हर देश और कुल मिलाकर पूरी दुनिया अगर इस भाव को अंगिकार कर ले तो निश्चित रूप से न केवल विश्व शांति की स्थापना हो पाएगी बल्कि भारत का ही दर्शन ह्लउदार चरितानाम, वसुधैव कुटुंबकमह्लकी भावना सार्थक सिद्ध हो पाएगी। आज इसकी बहुत आवश्यकता है। यदि ऐसा हो पाया तो निश्चित रूप से न केवल वैश्विक शांति की स्थापना होगी बल्कि पर्यावरण का संरक्षण होगा, व्यक्ति का व्यक्ति से स्नेह संबंध स्थापित होगा, व्यक्ति, समाज, प्रकृति व सृष्टि का संबंध भी मधुर हो पाएगा।

उपाध्याय की एक अन्य अवधारणा है ह्यस्वह्न।पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'स्व' की अवधारणा भारतीय दर्शन और एकात्म मानवदर्शन के सिद्धांत पर आधारित है। उनके अनुसार, 'स्व' व्यक्ति की आंतरिक आत्मा और उसकी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जो भारतीयता के मूल्यों से जुड़ा है। यह अवधारणा केवल व्यक्तिगत स्वार्थ तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। उपाध्याय जी का मानना था कि प्रत्येक व्यक्ति का 'स्व' समाज और राष्ट्र के साथ एकीकृत है, और इसका विकास तभी संभव है जब व्यक्ति अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को अपनएगा। अपने अनेक उद्बोधनों में उन्होंने ह्यस्वह्न की व्याख्या की है।

उनके विचार में, 'स्व' का अर्थ है आत्म-सम्मान, आत्म-निर्भरता और आत्म-साक्षात्कार। यह व्यक्ति को स्वयं के कर्तव्यों और समाज के प्रति उत्तरदायित्वों से जोड़ता है। उन्होंने पश्चिमी भौतिकवादी दृष्टिकोण के बजाय भारतीय दर्शन पर आधारित एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहां व्यक्ति और समाज परस्पर सहयोग से समृद्ध हों। उपाध्याय जी के लिए 'स्व' का तात्पर्य था- व्यक्ति का अपने धर्म, संस्कृति और मूल्यों के प्रति निष्ठा, जो अंततः राष्ट्र के उत्थान में योगदान दे। इस प्रकार, उनकी 'स्व' की अवधारणा एकात्म मानवदर्शन का ही मूल आधार है, जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है।

आज जिस प्रकार की राष्ट्रीय परिस्थितियाँ उभर कर सामने आई हैं जिसमे कहीं भाषा के आधार पर, कहीं जाति के आधार पर, तो कहीं क्षेत्र के आधार पर जो विभाजनकारी तत्व अपने निहित स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे में शेष समाज को उपाध्याय जी के ह्यस्वह्लके सिद्धांत को समझने,और आत्मसात कर राष्ट्रीय एकता को अखंड, अक्षुण और मजबूत बनाये रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

आज के सन्दर्भ में दीनदयाल की एक और अवधारणा को अंगिकृत कर व्यावहारिक जीवन में उतरने आवश्यकता है। वह है ह्यचितिह्लदर्शन। उनका 'चिति' दर्शन उनके एकात्म मानवदर्शन का मूल आधार है, जो राष्ट्र की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान को परिभाषित करता है। 'चिति' को राष्ट्र की आंतरिक आत्मा अथवा मूल स्वरुप के रूप में समझा जाता है। वास्तव में ह्यचितिह्न किसी सभ्यता की अनोखी सांस्कृतिक पहचान और चेतना का प्रतिनिधित्व करती है।यह राष्ट्र के जन्म से ही मौजूद होती है और राष्ट्र की दिशा निर्धारित करती है।उपाध्याय जी के अनुसार, ₹चिति राष्ट्र की आत्मा है। ह्यचितिह्न राष्ट्र की सांस्कृतिक दिशा तय करती है, और जो कुछ ह्यचितिह्न के अनुरुप होता है, वही संस्कृति में शामिल होता है। यह एक प्रकार की आदर्श स्थिति या मूल सिद्धांत है, जो राष्ट्र को उसके लक्ष्य, आदर्श और मिशन से जोड़ती है।हर राष्ट्र की अपनी ह्यचितिह्न होती है, जो उसकी सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं को निर्धारित करती है। उपाध्याय जी का मानना था कि भारत का विकास मॉडल अपनी ह्यचितिह्न पर आधारित होना चाहिए, न कि पश्चिमी विचारधाराओं पर। ह्यचितिह्न राष्ट्र की संस्थाओं और सामूहिक जीवन को आकार देती है, और राज्य का उद्देश्य ह्यचितिह्न की रक्षा करना है। अतः आज भारतीय राज्य, समाज,प्रशासन, परिवार और प्रत्येक व्यक्ति को अपने मूल स्वभाव अर्थात ह्यचितिह्न को समझ कर ही कर्तव्य -व्यवहार करने की आवश्यकता है।

दीनदयाल का मानना था कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति अर्थात समाज के गरीब-गुरबा व उनके भी बीच का सबसे ज्यादा जो गरीब है, वंचित है, उसका जब तक उदय अर्थात विकास नही होगा, विकास व कल्याण की रौशनी नही पहुंचेगी, तब तक राज्य के प्रयत्न सार्थक नही होंगें। इसलिये अंत्योदय दर्शन पर आधारित राज्य व सरकारों की नीतियाँ न केवल बनें बल्कि उनका सही रूप में क्रियान्वयन भी हो और समय-समय पर उनका अंकेक्षण भी हो, तभी अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि उपाध्याय का एकात्म मानवदर्शन,ह्यस्वह्न की अवधारणा, ह्यअंत्योदयह्न तथा ह्यचितिह्लदर्शन मानव-केंद्रित दृष्टिकोण है, जो भौतिकता और आध्यात्मिकता के बीच जैविक एकता को बढ़ावा देकर सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की आधारशीला रखते हैं। विकसित भारत, सह अस्तित्व पर आधारित वैश्विक समाज की स्थापना और मानव-मानव के बीच सौहार्द निर्माण रुपी लक्ष की प्राप्ति उपाध्याय जी के इन्हीं शास्वत विचार मूल्यों पर चलकर ही प्राप्त किए जा सकते हैं।

**(सह-आचार्य, दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला)**

# शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि

नवरात्रि का मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है 'नौ रातें', और इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रखते हैं, और भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने - कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है।

## टिप्स

### सोने से पहले पीएं ये वेट लॉस ड्रिंक्स, बाहर निकली हुई तोंद होगी अंदर

मोटापा आज के समय में महामारी बन गया है। अधिकतर लोग अपने बढ़े हुए वजन को कम करने की जद्दोजहद में जुटे हैं। इसके लिए वर्कआउट के साथ-साथ आपका खान-पान बहुत मायने रखता है। अगर रात को सोते समय हम भारी खाना खाते हैं या फिर देर रात की क्रेविंग्स की वजह से कुछ भी खा लेते हैं, तो इससे पेट में भारीपन और ब्लोटिंग का अहसास होता है। ऐसे में सुबह उठते ही लगता है कि पेट और भी ज्यादा फूला हुआ महसूस होता है। इससे छुटकारा पाने का एक आसान तरीका है नाइट ड्रिंक। अगर रात में सोने से पहले इन हर्बल या नेचुरल ड्रिंक का सेवन किया जाए तो ये पाचन को हल्का रखते हैं और मेटाबॉलिज्म को थोड़ा एक्टिव करते हैं और शरीर को आराम देकर नींद बेहतर बनाते हैं। इससे फैट स्टोर होने की संभावना कम होती है और ब्लोटिंग भी कंट्रोल होती है। इन नाइट ड्रिंक को बनाना काफी आसान है। बस रसोई में मौजूद कुछ चीजें जैसे नींबू, अदरक, दालचीनी या मेथी के दाने की मदद से आप इसे बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ नाइट ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं, जो निकली हुई तोंद को अंदर करने में आपकी मदद कर सकती हैं-

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

सेवा,समर्पण, राष्ट्रीय निर्माण के 100 वर्ष पूर्ण किया संघ ने

# संघ शताब्दी वर्ष में भारत के प्रत्येक घरों तक पहुंचेगा

वैभवशाली भारत का निर्माण होगा भारत विश्व गुरु बने इसके लिए

**संवाददाता**

साहिबगंजः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पथ संचलन कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्वी फटक सहकारिता विभाग के ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से कॉलेज रोड,ग्रीन होटल,पटेल चौक बादशाह चौक,चौक बाजार होते हुए टॉकीज फील्ड में समाप्त हुआ।वहां पर शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के बौद्धिककर्त्ता क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख अरुण ने उपस्थित स्वयंसेवकों को




संबोधित करते हुए कहा कि आज संघ 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर चुका है।उन्होंने कहा कि सेवा समर्पण और राष्ट्रीय निर्माण में संघ ने अपना 100 वर्ष दिया है।इस विश्व में बहुत सारे संगठन बने लेकिन एक संगठन से दो संगठन हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक ऐसा संगठन है जो आज तक एक से दो नहीं हुआ।उन्होंने कहा की पंच परिवर्तन जिसे शताब्दी वर्ष के लिए संघ ने अपनाया है वो है ।स्वदेशी,पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य,सामाजिक सद्भाव इनको लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु बने इसके लिए संघ कम कर रहा है।संघ पर कई बार प्रतिबंध लगा और स्वयंसेवकों को परेशान किया गया हम लोग संख्या में काम थे लेकिन धीरे-धीरे संघ समाज में स्वीकार हुआ और आज हमारा काम समाज के द्वारा स्वीकार है हम सामाजिक सांस्कृतिक रूप से भारत को मजबूत करने में लगे हुए हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक डॉक्टर राजकुमार,जिला संघचालक नितेश वर्मा,नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार,राजमहल के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा,गणेश तिवारी,भाजपा जिला महामंत्री गौतम यादव,नगर पर्षद के निवर्तमान उपाध्यक्ष रामानंद साह,दिनेश पांडे,गंगा समग्र के प्रांत संयोजक डॉक्टर देवव्रत,धर्मेंद्र कुमार,रमेश कुमार,विकास सिंह,राजेश अग्रवाल,कमल महावर, मनोज तांती,रितेश यादव,प्रेमलता टुडू, ममता विद्यार्थी,श्वेता दत्त,चांदनी देवी,पूजा कुमारी,पूनम तिवारी,रीमा सिंह,ज्योति कुमारी उपस्थित थे।यह जानकारी जिला संपर्क प्रमुख डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने दी।

## डीवीसी केटीपीएस में एबीएमएस आईएसओः 37001 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**कोडरमा :** डीवीसी केटीपीएस में 23 सितम्बर 2025 को कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों के लिए एबीएमएस आईएसओः 37001 पर जागरूकता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एम/एस एलाइड बॉस्टन द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम्स (अइटर) की महत्ता, संगठनात्मक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं ईमानदारी को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में केटीपीएस, टीएचपीएस और टीएससी जोन हजारीबाग से कुल 50 अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्र का संचालन श्री राजीव गुप्ता ने किया, जो आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्नातक हैं और 40 वर्षों का औद्योगिक अनुभव रखते हैं। उन्होंने तीस वर्षों तक तृतीय-पक्ष प्रमाणन एवं प्रबंधन प्रणालियों के प्रशिक्षण में विशेषज्ञता हासिल की है। उनकी विशेषज्ञता में एंटी-ब्राइबरी, इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम्स, सोशल अकाउंटेबिलिटी, सिक्स सिग्मा मास्टर ब्लैक बेल्ट आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय डीवीसी केटीपीएस के डीजीएम/पीवीओ पंकज कुमार झा द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल से डीवीसी अधिकारियों में भ्रष्टाचार-रोधी प्रबंधन प्रणाली के प्रति गहन समझ विकसित हुई।

## कोडरमा लोकसभा भाजपा की परंपरागत सीट होने के बावजूद विकास का पहिया जाम : जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



कोडरमा। झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति के जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोडरमा लोकसभा में पलायन तथा बेरोजगारी के ताजा आंकड़ों पर निराशा प्रकट किया है 11 साल के अंतराल में इस लोकसभा क्षेत्र के अंदर घटते हुए रोजगार के अवसर बढ़ती हुई बेरोजगारी का आंकड़ा तथा पलायन जैसे प्रभाव युवाओं के चेहरे पर आसानी से देखे जा सकते हैं श्रम का पलायन पूंजी का पलायन तथा उनके कार्य क्षमता का पलायन ने युवाओं के हौसले को तोड़ा है सबका साथ और सबका विकास का नारा खोखला है गिने चुने लोगों के विकास को अगर छोड़ दें तो आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी गरीबी रेखा के नीचे है आज भी जंगली इलाके में बंद पड़ी हुई अभ्रक खदानों में गरीब परिवारों के बच्चे अभ्रक के टुकड़े चुनते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं जो उनके जीवन बसर का एक जरिया है रीतलाल प्रसाद वर्मा बाबूलाल मरांडी रविंद्र राय तथा अन्नपूर्णा देवी जैसे नाम है जिन्होंने यहां जीत का परचम लहराया है उसके बावजूद भी यहां की जनता पलायन के लिए मजबूर है तो वाकई में यहां की त्रासदी है बंद पड़े अभ्रक खदानों को अगर लीज देकर व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जाता है तो रोजगार के अवसर स्वत पैदा होंगे जो हमारे पलायन को रोकने में कारगर होंगे समय की मांग है कि राज्य सरकारों पर दोषारोपण करने की बजाय इस लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए ईमानदारी से पहल किया जाए।

## प्रखंड में कोई भी समस्या हो तो ादाधिकारी को सूचित करने का निर्देश



साहिबगंजःबोरियो झामुमो बोरियो प्रखंड स्तरीय बैठक मोरंग नदी के समीप आवास पर हुई।बैठक की अध्यक्षता जेठा मरांडी ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अरुण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामु हेंब्रम, केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान,महिला मोर्चा जिला सचिव संगीता हांसदा शामिल हुए।बैठक का मूल उद्देश्य पार्टी के संगठन को ओर मजबूत बनाने का कार्य सहित पंचायत स्तर के हर बूथों पर बीएलए नियुक्त हेतू गहन चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड में कोई भी समस्या हो तो सीधे तौर पर जिला स्तर के पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया।मौके पर प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी,प्रखंड कोषाध्यक्ष निताई मंडलजिला कार्यकारिणी सदस्य स्टीफन मुर्मू, रिजवान अंसारी,बाबूलाल हेंब्रम,मो एजाज अंसारी,अर्जुन रजक,सकल हेंब्रम,शकील अहमद,हेमलाल हेंब्रम, फरहाद अंसारी,रमेश हांसदा,मिट्ठू कुमार दत्ता,सुरेश मरांडी,समेत सभी सक्रिय कार्यकर्ता व पंचायत के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

# मुंबई में उधवा के प्रवासी मजदूर की मौत

**संवाददाता**



साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत के भगत टोला गांव के एक प्रवासी मजदूर की मुंबई में अचानक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार सैदुल शेख 30 नामक यह युवक लगभग आठ महीने पहले मजदूरी के लिए मुंबई गया था। वह मुंबई के मुलुंड इलाके में रहकर फल बेचने का काम करता था। मंगलवार को जब वह फल खरीदने गया, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके साथी उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साथियों ने घटना की सूचना परिजनों को दिया। खबर सुनते ही परिवार में मातम पसर गया।मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे को छोड़ दुनिया से चल बसा। घटना के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मृतक का शव हवाई मार्ग से कोलकाता लाया जाएगा, और फिर वहाँ से एंबुलेंस के जरिए उसके पैतृक गांव भगत टोला पहुँचेगा।

## हमारे लाल बथानी की लड़ाई है ये हमलोग के विचार धारा की लड़ाई है : कौसर आलम

**संवाददाता**



साहिबगंजःसदर प्रखंड के लालबथानी हाटिया में एक बैठक का आयोजन मनारुल हक के अध्यक्षता में हुई।बैठक में लालबथानी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लालबथानी संबंधित बातें हुई। 28 सितंबर को होने वाली कार्यक्रम के बारे भी बातें हुई।इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए सभी योजनाएं बनाई गयी।वहीं कौसर आलम ने कहा कि ये हमारे लाल बथानी की लड़ाई है ये हमलोग के विचार धारा की लड़ाई है हम लड़ेंगे और अपने अधिकार लेके रहेंगे। बैठक मे मुख्य रूप से तफ्फजुल हक,अशरफुल हक,मनारुल हक, इनामुल हक,मुख्तार अहमद,डा० मुस्तफा मनिरूल,प्रवेज आलम,अब्दुल वाहिद,मो० मोहतमिम,मो० अफ्फान,तारिक अनवर,तनवीर आलम,मुस्तफा कमाल,मोईदूर रहमान, शमसुल हक,मो० रफत,मो० रहीम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत शिविर में उमड़ी भीड़ः सरकार की योजनाओं का ग्रामीणों को मिला

**मेट्रो रेज संवाददाता**




सतगावां। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सरकार की महत्वाकांक्षी व जन-उपयोगी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इटायं, समलडीह, अम्बाबाद, टेहरो एवं कोठियार पंचायत सचिवालयों में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक सहित पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, आवास योजना, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का वितरण किया गया। राजस्व विभाग में भूमि प्रतिवेदन और ऑनलाइन कार्यों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन लिए गए। मौके पर समलडीह पंचायत मुखिया मंजू देवी,इटायं पंचायत मुखिया अमर कुमार,टेहरो पंचायत मुखिया सदानंद यादव,अम्माबाद पंचायत मुखिया गंगिया देवी,कोठियार पंचायत मुखिया वीरेन्द्र राय एवं सीएससी

## एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती का डीवीसी हाइडल स्टेशन दौरा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** सैनिक स्कूल तिलैया के गौरवशाली पूर्व छात्र और भारतीय वायु सेना के शीर्ष अधिकारियों में शुमार एयर मार्शल श्री अवधेश कुमार भारती ने तिलैया हाइडल पावर स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की सुनहरी यादों को ताजा किया और डीवीसी के पहले हाइडल स्टेशन की ऐतिहासिक विरासत को नजदीक से देखा। एयर मार्शल भारती का स्वागत सीजीएम एवं हेड ऑफ प्रोजेक्ट श्री मनोज कुमार ठाकुर ने उनकी धर्मपत्नी के साथ गरिमामय तरीके से किया। यह यात्रा मात्र एक औपचारिक दौरा नहीं रही, बल्कि बराकर नदी के तट से असीम आसमान तकह्व की उनकी अद्वितीय यात्रा का प्रतीक बन गई। 13 जून 1987 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू धारा में कमीशन प्राप्त कर चुके एयर मार्शल भारती ने मिग 21, मिग- 29 और सुखोई-30 एमकेआई जैसे फ्रंटलाइन विमानों को उड़ाकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। ऑपरेशन सिंदूर में हवाई संचालन के महानिदेशक की अहम भूमिका निभाने वाले भारती को वायु सेना मेडल (2008), अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक (ररट) जैसे उच्च सैन्य सम्मान प्राप्त हैं। डीवीसी के लिए यह गौरव का क्षण रहा जब भारतीय वायु सेना के इस सपूत ने हाइडल स्टेशन का दौरा कर अपनी प्रेरक जीवनयात्रा से सभी को ऊर्जा और गर्व से भर दिया।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

**साहिबगंजः** जिला नियोजनालय के तत्वावधान में ईडीएस व एसजीआरएस के संयुक्त प्रयास से मुख्यमंत्री सारथी योजना केंद्र लोहंडा स्थित दिन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एसजीआरएस एकेडमिक प्राइवेट लिमिटेड में विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला स्किल ऑफिसर श्री मनोज मंजीत, यूएनडीपी से श्री सूरज मालपहाड़िया, 2050 हेल्थ केयर के नियोक्ता श्री रामवृक्ष कुमार तथा जिले में संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना से जुड़े विभिन्न केंद्रों के संचालक उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। मौके पर साहिबगंज केंद्र के 30 लाभार्थियों को टेक्नो एक्टिव्यूअर प्राइवेट लिमिटेड एपैरल सेक्टर व भी जीएम कंपनी टेलीकॉम सेक्टर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्रों का वितरण जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला स्किल ऑफिसर श्री मनोज मंजीत द्वारा किया गया।इसके अतिरिक्त स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु लाभार्थियों में 2 को सिलाई मशीन, 1 को कंप्यूटर सेट, 10 को एपैरल किट तथा 3 को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।इस अवसर पर जिले के पाँचों केंद्रों के प्रबंधक, एसजीआरएस एकेडमिक प्राइवेट लिमिटेड के केंद्र प्रबंधक ताजउद्दीन अंसारी, सहायक केंद्र प्रबंधक अनीशा कुमारी, प्रशिक्षकगण, एक्सेल डेटा सर्विसेज के केंद्र प्रबंधक अमित कुमार, निर्माण सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बरहेट के केंद्र प्रबंधक बिक्रम कुमार, एवं वॉकमैन संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गंगा में डूबने से दो बच्चों की मौत, पसरा मातम

**साहिबगंज/उधवा :** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना से एक गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। राधानगर थाना क्षेत्र की पश्चिमी उधवा पंचायत में गंगा नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। ये दोनों बच्चे खेलते-खेलते अचानक लापता हो गए थे, जिसके बाद उन्हें खोजने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया गया।ये हादसा मंगलवार दोपहर को हुआ। बाबूटोला मोड़ के पास रहने वाले मोहम्मद जेहरुल शेख का चार साल का बेटा और रबीउल शेख की साढ़े तीन साल की बेटी अपने घर के आंगन में खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब परिवार वालों ने देखा कि बच्चे दिखाई नहीं दे रहे हैं।तो वे घबरा गए और उनकी तलाश शुरू कर दी। आसपास के लोगों को भी इस बारे में पता चला तो उन्होंने भी बच्चों को ढूंढने में मदद की। चूँकि घर के पास से ही गंगा नदी बह रही थी और इन दिनों नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ा हुआ है, इसलिए परिवार वालों को आशंका हुई कि बच्चे कहीं नदी में न गिर गए हों। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने दोनों बच्चों के शव नदी से बरामद किए। इस हादसे के बाद पूरे परिवार में मातम छा गया है और हर कोई सदमे में है। हालांकि, परिवार वालों ने बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

### गर्भपात के आरोप में मेडिकल संचालक हिरासत में पुलिस जांच जारी

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर पुलिस ने एक कथित गर्भपात के मामले में चांदनी मेडिकल के संचालक फिरोज शेख को हिरासत में लेकर पूछताछ की। यह कारवाई थाना क्षेत्र के अमानत गांव के एक पीड़ित व्यक्ति द्वारा दी गई शिकायत के बाद की गई है।शिकायतकर्ता ने राधानगर थाने में एक लिखित आवेदन दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिमी उधवा पंचायत के बाबूटोला मोड़ स्थित चांदनी मेडिकल में एक महिला का अवैध गर्भपात कराया गया है। इस आरोप को देखते हुए, पुलिस ने बिना देरी किए फिरोज शेख को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मेडिकल संचालक से पूछताछ की और फिलहाल उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने बताया की मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है और सच्चाई सामने आने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीपीओ ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की




**साहिबगंज/राजमहलः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को स्थानीय बैंकों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और कैनरा बैंक की शाखाओं में पहुँचकर सिक्योरिटी ऑडिट किया।निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, गार्ड की तैनाती तथा नकद लेन-देन के दौरान सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग-सह- कार्यशाला का आयोजन



साहिबगंजःश्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय साहिबगंज के तत्वाधान में मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को रोजगार ,स्वरोजगार से जुड़ने एवं जिला नियोजनालय, साहिबगंज द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी देना था।इसके अतिरिक्त उपस्थित अभ्यर्थियों को संबंधित कर जानकारियां भी दी गई।अभ्यर्थियों को कौशल युक्त बनकर रोजगार प्राप्त करने की जानकारी दी गई।इस दौरान मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के प्राचार्य रणजीत सिंह,जिला नियोजनालय साहिबगंज से राजीव रंजन कुमार,अमित कुमार गुप्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

अभिषेक बच्चन ने 6 बार

# साबित किया कि वह 2025 के सबसे सफल अभिनेता हैं

अभिषेक बच्चन ने 'पुनर्निमाण' को अपनी पहचान बना लिया है, और 2025 उनके लिए एक शानदार साल साबित हुआ है। इस साल उन्होंने यह दिखा दिया कि लगन, प्रतिभा और थोड़े से स्वैग के साथ कोई भी कहानी बदली जा सकती है। चाहे बात स्ट्रीमिंग की हो या थिएटर्स की, अवॉर्ड्स की हो या फैशन की – अभिषेक ने हर मोर्चे पर बाज़ी मारी है, जानिए कैसे।



– यह उनके निरंतर शानदार प्रदर्शन और समर्पण का प्रमाण था। कॉमेडी हो, थ्रिलर हो या ड्रामा, अभिषेक हर शैली में सहजता से ढल जाते हैं। इतनी विविधता के साथ हर किरदार को निभाने की उनकी क्षमता यह दिखाती है कि वह बॉलीवुड के सबसे भरोसेमंद कलाकारों में से एक हैं। स्क्रीन के बाहर भी उनका फैशन स्टाइल सहज, लेकिन बेहद प्रभावशाली है।

मैगज़ीन शूट्स से लेकर रेड कारपेट तक, अभिषेक की शांत आत्मविश्वास से भरी उपस्थिति उन्हें खास बनाती है। स्ट्रीमिंग के दबदबे से लेकर बॉक्स ऑफिस की सफलता तक, आलोचकों की सराहना से लेकर स्टाइलिश अपीयरेंस तक – 2025 को अभिषेक बच्चन ने पूरी तरह अपना बना लिया है। हर किरदार, हर इवेंट में वह यह साबित कर रहे हैं कि निरंतरता और प्रामाणिकता ही असली सफलता की कुंजी हैं। और सबसे उत्साहजनक बात यह है कि उनकी यह गति आगे आने वाले समय के लिए और भी बड़े मुकाम तय कर रही है।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म बना खेल का मैदान

ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अभिषेक के लिए एक नया खेल का मैदान बन गया है। 'दसवी' से लेकर ग्लोबल हिट बी हैप्पी तक, उनकी परफॉर्मेंस न केवल चार्ट में टॉप कर रही हैं, बल्कि दुनियाभर में ट्रेंड भी कर रही हैं – यह साबित करते हुए कि डिजिटल स्पेस में उनकी पकड़ बेजोड़ है। वह सिर्फ़ ओटीटी के चहेते नहीं हैं; हाउसफुल 5 के साथ, अभिषेक ने दर्शकों को अपनी ओर खींचकर और लगातार शानदार अभिनय करके सभी को अपनी कमर्शियल ताकत का एहसास दिलाया। आई वांट टू टॉक से लेकर घूमर तक, अभिषेक ने आलोचकों को उनके संजीदा अभिनय की सराहना करने पर मजबूर कर दिया है। मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में उनका 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' पुरस्कार सिर्फ एक और अवॉर्ड नहीं था.

*फिल्म 'सैयारा' से फेमस हुए एक्टर शान आर. ग्रोवर के पास शाहरुख खान की जैकेट है। इस जैकेट को शाहरुख खान ने फिल्म जब तक है जान में पहना था। इससे जुड़ी यादें उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में शेयर की और बताया कि इससे उनकी एक खास याद जुड़ी है। यही नहीं, उन्होंने कहा है कि इस जैकेट से उनको प्रेरणा मिलती है।*





# 'सैयारा' एक्टर शान आर. ग्रोवर के पास है शाहरुख खान की जैकेट

शान ने कहा, जब मैं वाईआरएफ में कास्टिंग का काम कर रहा था, तब शाहरुख की फिल्म जब तक है जान का यह ब्लैक लेदर जैकेट मेरे पास आ गया। यह अब भी मेरे पास है। जब भी मैं इसे देखता हूं, मुझे अपने करियर के शुरुआती संघर्ष के दिन और मैं कैसे एक अभिनेता बनना चाहता था, यह याद आता है। मेरे लिए ये सिर्फ एक जैकेट नहीं है, बल्कि एक याद और प्रेरणा है। हर अभिनेता की तरह, मेरा भी सपना है कि किसी दिन मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिले। शान ने बताया कि यह जैकेट आज भी उनके पास है। इसे उन्होंने संभालकर रखा है। शान ने फिल्म सनम तेरी कसम÷ में बतौर सहायक निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा से एक्टिंग की क्लास ली। वह अब तक नोबलमैन, रूहानियत, लीक्ड और दस जून की रात जैसी वेब सीरीज में दिखाई दे चुके हैं। 'सैयारा' में उन्होंने वाणी (अनीत पड्डा) के पूर्व प्रेमी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म से जुड़ा एक किस्सा भी उन्होंने शेयर किया। शान ने बताया कि 'सैयारा' की शूटिंग के दौरान वे वाईआरएफ स्टूडियो में शूट कर रहे थे। यहां मोहित सूरी ने उनको बताया कि शाहरुख खान भी इसी स्टूडियो में सिर्फ दो कमरे छोड़कर पास में ही शूट कर रहे हैं। यह उनके लिए बहुत ही खास पल था। 'सैयारा' ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यहां भी दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है।

## अंजना सिंह के लिए डबल धमाका, एक फिल्म रिलीज के लिए तैयार



**भोजपुरी** फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री अंजना सिंह की मानें पांचों ऊंगलियां घी में हैं। जहां उनकी फिल्म अवैध सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, उनकी दूसरी फिल्म आपन कहाये वाला के बा का पहला पोस्टर रिलीज हुआ है। अंजना ने फैंस को जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम पर दोनों फिल्म के पोस्टर जारी किए। पहली पोस्ट में उन्होंने फिल्म अवैध का पोस्टर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। पोस्टर में वह दुल्हन के लिबास में घूंघट हल्का ऊपर किए हुए, भावुक अंदाज में नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, 26 सितंबर। इस फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। पटकथा और डायलॉग प्रवीण चंद्र ने लिखे हैं, जबकि गाने संदीप नाथ, ब्रजकिशोर दुबे, इरशाद खान सिकंदर, कृष्णा बेदर्दी और अभिषेक चौहान ने लिखे हैं। वहीं, फिल्म में संगीत बापी टूटूल, कृष्णा बेदर्दी और पप्पू श्रीवास्तव का है। वहीं, दूसरी पोस्ट में उन्होंने फिल्म आपन कहाये वाला के बा का पहला पोस्टर रिलीज किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा फर्स्ट लुक। पोस्टर में अंजना और सह-कलाकारों के गंभीर भाव देख फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि फिल्म किसी सामाजिक या गंभीर मुद्दे पर आधारित हो सकती है। इस फिल्म के निर्माता विनय सिंह और रजनीश मिश्रा हैं, जबकि लिरिक्स रजनीश मिश्रा के हैं। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर बिनीत केडिया हैं। अंजना की बात करें तो वह कई भोजपुरी फिल्मों और टेलीविजन धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं।



## करण जौहर ने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट पर की बात

**फिल्मकार** करण जौहर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वे यहां पर अपनी फिल्म और लाइफ से जुड़ी अपडेट्स साझा करते रहते हैं। आज उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इसमें उन्होंने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट फैंस के साथ साझा किए हैं। करण जौहर ने इस पोस्ट में कई स्लाइड्स शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपने विचार फैंस के साथ साझा किए हैं। इन्हें शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, विचार जिनसे मैं सहमत हूं। पहली स्लाइड में उन्होंने लिखा, नियम 1~ वे जो सोचते हैं, उससे कोई लेना-देना नहीं। दूसरी स्लाइड पर लिखा था, कभी-कभी आपकी कीमत तब तक नहीं दिखती जब तक आपकी अनुपस्थिति का एहसास न हो। तीसरी स्लाइड पर लिखा है, एक रिमाइंडर~ टॉक्सिक लोगों को नजरअंदाज करना खुद की देखभाल करना है। अन्य स्लाइड्स में लिखा था, अगर आप छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाते हैं, तो आप बड़े काम नहीं कर सकते। सीखने लायक बनें। आप हमेशा सही नहीं होते। ऐसे लोगों को चुनें जो आपको चुनते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जो आपका साथ कभी नहीं देंगे क्योंकि वो आप हैं। फिर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो हमेशा आपका साथ देंगे क्योंकि वो आप हैं। आपको बस अपने लोगों को ढूंढना है। फिल्मों की बात करें तो करण जौहर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इसे शशांक खेतान ने लिखा और डायरेक्ट किया है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले इसे बनाया गया है। इस रोमांटिक कॉमेडी में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, और अक्षय ओबेरॉय जैसे कलाकार हैं। यह दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शादी के करीब एक दशक बाद शोबिज में लौटना आसान नहीं था: गीता बसरा

**अभिनेत्री** गीता बसरा ने करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद, पंजाबी फिल्म मेहर से दमदार वापसी की। राकेश मेहता ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। गीता बसरा ने कई सालों बाद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी वापसी के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बीच फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलावों पर भी बात की।

बात करते हुए गीता ने कहा, सेट पर होना मेरा सपना है, और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे एक और मौका मिला। यहां आकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। पंद्रह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं के लिए वापसी करना मुश्किल था, लेकिन अब समय बदल गया है। पीढ़ी बदल गई है, और अब यह कोई मायने नहीं रखता।

गीता ने अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ एक मैगजीन के कवर पेज पर आने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होना वाकई गर्व की बात है। एंड्रिया जी और उनकी टीम ने बहुत अच्छा काम किया है और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम और आगे भी साथ काम करेंगे। हरभजन सिंह को मैगजीन के कवर पेज पर दिखाने का फैसला कैसे लिया गया? इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, एंड्रिया, शिवेंद्र और टीम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि कवर पर किसे दिखाया जाए।

शिवेंद्र ने हरभजन का नाम सुझाया और तुरंत सभी को लगा कि यह सही फैसला है। जल्द ही हम दोनों से संपर्क किया गया और सब कुछ बहुत अच्छा हुआ। समय भी बिल्कुल सही था, मेरी फिल्म अभी-अभी रिलीज हुई थी, मैंने प्रोडक्शन में कदम रखा और हम इस खूबसूरत शो का हिस्सा थे, जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

# श्रेयस अय्यर ने टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से मांगा ब्रेक, फिटनेस पर देंगे ध्यान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से कुछ समय का ब्रेक लेने का फैसला किया है। अय्यर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अनुरोध किया है कि उन्हें फिलहाल लाल गेंद क्रिकेट से दूर रहने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपनी फिटनेस पर दोबारा ध्यान केंद्रित कर सकें। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में खेले गए चार दिवसीय मैच के बाद लिया गया, जिसमें अय्यर कप्तान थे। लेकिन मैच के बाद उन्होंने बीसीसीआई और चयन समिति के




अध्यक्ष अजीत अगरकर से बातचीत कर विराम की इच्छा जताई। दरअसल, इस महीने की शुरूआत में खेले गए दलीप ट्रॉफी के दौरान अय्यर को पीठ में असहजता महसूस हुई थी। यही समस्या उन्हें भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के मुकाबले में भी हुई। इसके बाद उन्होंने बीसीसीआई फिजियो और भारत ए के कोच हृषिकेश कानिटकर से चर्चा की और बोर्ड को लिखित में अपनी स्थिति बताई। अय्यर की पीठ की सर्जरी 2023 में हुई थी। हालांकि, उन्होंने साफ किया है कि वे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं ले रहे हैं, बल्कि फिटनेस पर काम करके दोबारा मजबूती से वापसी करेंगे। ऐसे में संभावना है कि वे इस सीजन में मुंबई की रणजी टीम से भी बाहर रहेंगे। अय्यर अब तक 17 टेस्ट और 70 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं। लाल गेंद क्रिकेट से ब्रेक लेने के बावजूद अय्यर सफेद गेंद प्रारूप में सक्रिय रहेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होने वाली वनडे सीरीज में टीम इंडिया के लिए पक्के दावेदार माने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी जगह मिल सकती है। भारत का यह दौरा 19 अक्टूबर से 8 नवंबर तक चलेगा, जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेले जाएंगे।

## डेविस कप लीजेंड और जोकोविच के टेनिस गुरु निकोल पिलिच, का 86 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** क्रोएशिया के टेनिस लीजेंड और नोवाक जोकोविच के शुरूआती कोच निकोल पिलिच का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस बात की जानकारी क्रोएशियन टेनिस संघ ने मंगलवार को दी। पिलिच ने 1988 से 1993 के बीच जर्मनी को तीन डेविस कप खिताब दिलाए थे। इसके अलावा उन्होंने 2005 में क्रोएशिया को उसका पहला डेविस कप जीतने में मार्गदर्शन किया और 2010 में सर्बिया की टीम को भी बतौर सलाहकार खिताब दिलाने में अहम



भूमिका निभाई। नोवाक जोकोविच, जो 12 साल की उम्र में पिलिच की जर्मनी स्थित अकादमी से जुड़े थे, उन्हें अपना ₹टेनिस डैडर₹ कहते हैं। 2018 में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में जोकोविच ने लिखा था– ह्वनिकी मेरे जीवन और टेनिस के सबसे महत्वपूर्ण मेंटर्स में से एक रहे हैं। उनकी अकादमी में बिताया गया समय मेरे खेल और करियर पर गहरा असर डालता है। क्रोएशियन टेनिस संघ ने बयान जारी कर कहा, ह्ववह हमारे देश के अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों और कोचों में से एक थे। जोकोविच ने भी उन्हें याद करते हुए लिखा कि, ह्ववह एक सफल खिलाड़ी और उससे भी ज्यादा सफल कोच थे।

# बार्सिलोना मिडफील्डर गावी घुटने की सर्जरी के बाद 4-5 महीने तक रहेंगे बाहर

एजेंसी

**बार्सिलोना :** स्पेन के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर गावी घुटने की सर्जरी के बाद करीब फरवरी या मार्च तक मैदान से दूर रह सकते हैं। एफसी बार्सिलोना की वेबसाइट ने मंगलवार शाम जानकारी दी कि गावी के दाहिने घुटने की आर्थ्रोस्कोपी की गई है, जिसमें उनके मेडियल मेनिस्कस की सर्जरी कर उसे संरक्षित किया गया। क्लब ने बताया कि उनकी रिकवरी में लगभग 4 से 5 महीने लग सकते हैं। गावी को यह चोट पिछले



अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले ट्रेनिंग के दौरान

लगी थी। शुरूआत में उन्हें ₹कंजर्वेटिव₹ इलाज दिया गया, लेकिन जब उम्मीद के मुताबिक सुधार नहीं हुआ तो ऑपरेशन का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि इसी घुटने में गावी को नवंबर 2023 में स्पेन के लिए खेलते हुए लिगामेंट की गंभीर चोट लगी थी, जिसकी वजह से वे लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहे। इस बीच, बार्सिलोना के एक और खिलाड़ी फर्मिन लोपेज तीन हफ्तों तक ग्रोइन इंजरी के कारण टीम से बाहर रहेंगे, जबकि लमिन यामल भी पिछले हफ्ते पेल्विक समस्या के चलते खेल से दूर रहे।

## शंघाई मास्टर्स में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

**पेरिस :** पूर्व विश्व नंबर-1 नोवाक जोकोविच अगले महीने शंघाई मास्टर्स में हिस्सा लेंगे। टूनामेंट आयोजकों ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। आयोजकों ने सोशल मीडिया पर लिखा झ ह्ववो लौट आए हैं... हमारे चार बार के चैंपियन इस साल शंघाई में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने सितंबर की शुरूआत में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार के बाद अब तक कोई आधिकारिक मैच नहीं खेला है। 38 वर्षीय जोकोविच ने इस हार के बाद अपने शेष सीजन को लेकर कोई स्पष्ट कार्यक्रम नहीं बताया था। इस साल उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम टूनार्मेंट खेले हैं। फिलहाल उन्होंने केवल 2 से 8 नवंबर तक होने वाले एथेंस 250 इवेंट में खेलने की पुष्टि की है, जो इस साल के कैलेंडर में बेलग्रेड टूनामेंट की जगह आयोजित होगा। उनकी पेरिस मास्टर्स (27 अक्टूबरझ2 नवंबर) और ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स (9झ16 नवंबर) में भागीदारी की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

# महाराष्ट्र के कई जिलों में बाढ़ का कहर जारी, दो हाईवे बंद, रेल सेवा प्रभावित

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कई जिलों में मूसलाधार बारिश और जलाशयों का पानी नदियों में छोड़े जाने से बाढ़ का कहर बुधवार को भी जारी है। सोलापुर जिले में सीना नदी का जलस्तर बढ़ जाने से दो हाईवे बंद कर दिए गए हैं और रेलवे सेवा तथा एसटी परिवहन की बस सेवा भी प्रभावित हो गई है। सोलापुर, बीड़, धाराशिव , संभाजीनगर जिले में जिला प्रशासन सहित एनडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्य कर रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रभावित जिलों में सतर्क रहने का और नागरिकों को आवश्यक होने पर ही घर से निकलने का निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बाढ़ प्रभावित जिले सोलापुर का दौरा करने के लिए माढ़ा तहसील में पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री आज निमगांव, दारफल, सुल्तानपुर, कावाअ, केवल आदि गांवों में जाकर प्रभावित किसानों से मिलने वाले हैं। इसी तरह उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे, पंकजा मुंडे भी बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मराठवाड़ा में पिछले 24 घंटों में सभी सात जिलों के 129 मंडलों में भारी बारिश दर्ज की गई। बीड और धाराशिव जिलों में बाढ़ में फंसे 80 से अधिक नागरिकों को बचाया गया है। अब तक प्राकृतिक आपदा के कारण 10 लोगों की मौत हो चुकी है और



337 जानवर मारे गए हैं। अनुमान है कि पिछले 3 दिनों में 2 लाख हेक्टेयर में फसलें प्रभावित हुई हैं। छत्रपति संभाजी नगर जिले में लगभग आठ दिनों से बारिश हो रही है। इस साल बारिश ने कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। लगातार हो रही लगातार बारिश के कारण कन्नड़, वैजापुर, सिल्लोड, सोयगांव, गंगापुर, खुलताबाद तालुका के कई गांव जलमग्न हैं। वेरुल, कसाबखेड़ा, मम्बापुर, पलासवाड़ी, तलावडी, शादुलवाड़ी, शेखापुरी, तिसगांव, निरगुडी, पिंपरी, पलासगांव, अखतवाड़ा और खुल्ताबाद तहसील के आसपास के इलाकों में फसलें बर्बाद हो गई हैं। भारी बारिश के कारण सोलापुर में भयावह स्थिति पैदा हो गई है। खेत नदियां बन गए हैं, घरों में पानी घुस गया है। सीना नदी में बाढ़ आने से पुणे-सोलापुर और सोलापुर- कोल्हापुर हाईवे बंद कर दिया गया है। बाढ़ के कारण एसटी परिवहन की बस सेवा ठप हो गई है। दूसरी ओर सोलापुर में रेलवे ट्रैक पर पानी होने के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस अभी भी स्टेशन पर खड़ी है। रेलवे पुल पर पानी भर गया है, इसलिए नदी का प्रवाह सामान्य होने तक यातायात बाधित रहेगा। इसके अलावा, अन्य ट्रेनें भी स्थगित हैं। सोलापुर में सीना नदी में आई बाढ़ के कारण कई राजमार्ग बंद हो गए हैं, जिससे अन्य क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। पश्चिमी महाराष्ट्र, कोंकण, मुंबई और विदर्भ जाने वाली एसटी बसें सोलापुर में फंसी हुई हैं। सोलापुर से अन्य स्थानों पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। सोलापुर जिले में बाढ़ जैसी स्थिति में, जिला आपदा प्रबंधन सोलापुर के अनुरोध पर कोल्हापुर से श्वेत सेना की टीम बाढ़ बचाव कार्य करने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गई है। साथ ही, लगभग 15 वाडा बस्तियों से सौ ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने का काम किया गया। रात का बचाव अभियान रोक दिया गया था। आज सुबह माढा तहसील क्षेत्र में बचाव अभियान शुरू किया गया है।

## बीकेटीसी के सीईओ ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं को जायजा

**गोपेश्वर :** बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी और कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल ने बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यपालक मजिस्ट्रेट थपलियाल ने बुधवार को श्री बदरीनाथ धाम दर्शन पंक्ति, पूजा काउंटर, भंडार कक्ष, कार्यालय, प्रसाद काउंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ मंदिर परिसर में नवरात्रि पूजा पांडाल में मां दुर्गा, माता लक्ष्मी,देवी उर्वशी के दर्शन किये। बीकेटीसी के कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल ने कहा कि बदरी-केदार यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आपदा के दौरान यात्रा सड़क मार्ग अवरूद्ध होने से यात्रा में कुछ रूकावट आई थी लेकिन अब सड़क मार्ग सुचारू होने से यात्रा ने गति पकड़ ली है। नवरात्र के दौरान तीर्थयात्रियों का श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ धाम में निरंतर आगमन हो रहा है। अब तक दोनों धामें में 2936955 तीर्थ यात्री दर्शनों को पहुंच चुके है। इससे पहले मुख्य कार्याधिकारी मंदिर के समीप बीकेटीसी के नवनिर्मित कार्यालय कक्ष का पूजा-अर्चना तथा हवन यज्ञ पश्चात कार्यालय का शुभारंभ किया। धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आशीष उनियाल ने पूजा-अर्चना हवन संपन्न किया।

## लोहाघाट में आग का कहर, दो परिवारों का आशियाना राख में तब्दील

एजेंसी

**चंपावत :** लोहाघाट विकासखंड में स्थित गंगनौला ग्राम सभा के चनोड़ा तोक में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने दो परिवारों की जिंदगी की जमा-पूंजी छीन ली। हरिश्चंद्र जोशी और खिलानंद जोशी का दो मंजिला लकड़ी का मकान देखते ही देखते लपटों में समा गया। हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन भवन और उसमें रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। तड़के सुबह अचानक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। धुएं और लपटों के बीच मौजूद हरिश्चंद्र जोशी किसी तरह बाहर निकलकर जान बचाने में सफल रहे। सूचना मिलते ही पूर्व प्रधान ललित मोहन जोशी



ने फौरन फायर स्टेशन लोहाघाट और राजस्व विभाग को घटना की जानकारी दी। फायर स्टेशन प्रभारी हंस दास सागर के नेतृत्व में दमकल टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक भवन पूरी तरह जल चुका था। पूर्व प्रधान ललित मोहन जोशी के अनुसार आग से दोनों परिवारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। केवल कुछ सामान ही ग्रामीणों और फायर टीम की तत्परता से सुरक्षित निकाला जा सका। राजस्व निरीक्षक राजेंद्र गोस्वामी, उप निरीक्षक हिमांशु बिष्ट और रवि महर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। आग बुझाने में ग्रामीण प्रकाश जोशी, परमानंद जोशी, नारायण दत्त जोशी और धमानंद जोशी समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। दमकल अभियान में लीडिंग फायरमैन कुंदन बसेड़ा, डीबीआर राजेश खर्कवाल, भैरव सिंह, एफएम भरत सिंह, चंचल सिंह, उमेश कुमार और राजेंद्र मेहता शामिल रहे। इस दौरान जल संस्थान से अतिरिक्त पानी की आपूर्ति के लिए एक टैंकर भी मंगाया गया। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति येओल की पत्नी को कैदी वैन से अदालत ले जाया गया

एजेंसी

**सियोल (दक्षिण कोरिया) :** पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल की पत्नी किम कियोन ही को बुधवार को एक कैदी वाहन से सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ले जाया गया। नेवी सूट और मास्क पहनी किम अपने आपराधिक मुकदमे की पहली पेशी में अदालत में पेश हुईं। कोरिया के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व प्रथम महिला को आपराधिक आरोपों पर सुनवाई का सामना करना पड़ा। अदालत कक्ष में उनके प्रवेश की तस्वीरें प्रेस को जारी की गईं। द कोरिया टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के आपराधिक प्रभाग-27 ने दोपहर 2:17 बजे कार्यवाही शुरू की। किम पर स्टॉक हेराफेरी से लेकर अवैध राजनीतिक फंडिंग और यूनिफिकेशन चर्च से जुड़ी रिश्वतखोरी तक कई आरोप हैं। पिछले महीने से न्यायिक हिरासत में रह रहीं किम ने पत्रकारों की भीड़ के बीच अदालत कक्ष में प्रवेश किया। पहली बार, अदालत ने जनहित का हवाला देते हुए सुनवाई शुरू होने से पहले प्रतिवादी के निर्धारित क्षेत्र में बैठी उनकी स्थिर फोटो और वीडियो जारी करने की अनुमति दी। हालांकि, बहस शुरू होने के



बाद मुकदमे की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। 51 वर्षीय किम पर 2009 और 2012 के बीच डॉयचे मोटर्स के शेयरों में हेराफेरी में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने कथित तौर पर कंपनी के अधिकारियों और वित्तपोषकों के साथ मिलकर लगभग 81 करोड़ वॉन (580,000 डॉलर) का अवैध मुनाफा कमाने की साजिश रची। अभियोजकों का यह भी आरोप है कि 2022 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने और उनके पति ने एक राजनीतिक दलाल से मुफ्त में प्रदान की गई लगभग 27 करोड़ वॉन मूल्य की जनमत सर्वेक्षण सेवाओं का लाभ उठाया। यह वित्त कानूनों का उल्लंघन है।एक अन्य आरोप यूनिफिकेशन चर्च के पूर्व अधिकारियों से राजनीतिक लाभ के बदले में लगभग 8 करोड़ वॉन मूल्य के हीरे के हार और डिजाइनर हैंडबैग सहित विलासिता के सामान प्राप्त करने से संबंधित है। अभियोजन पक्ष ने उनकी कुल अवैध कमाई लगभग 1.03 अरब वॉन आंकी है और उनकी संपत्ति जब्त करने के लिए अदालत से आदेश मांगा है। पिछले महीने अभियोग के बाद किम कोरियाई इतिहास की पहली पूर्व प्रथम महिला बन गईं, जिन्हें आपराधिक आरोपों में जेल में डाला गया और उन पर मुकदमा चलाया गया। उनके पति यून खुद भी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उन पर मार्शल लॉ लागू करने के प्रयास में उनकी कथित भूमिका से जुड़े विद्रोह के आरोप हैं।

## हिमाचल से जल्द विदा होगा मानसून, एक हफ्ते तक खिलेगी धूप, अब तक 454 लोगों की मौत

एजेसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून जल्द ही विदा होने वाला है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य से मॉनसून की विदाई के लिए परिस्थितियाँ पूरी तरह अनुकूल हो गई हैं और अगले 24 घंटों में मानसून हिमाचल से विदा हो जाएगा। विभाग ने अनुमान जताया है कि राज्य भर में 30 सितम्बर तक मौसम पूरी तरह साफ रहेगा और लोगों को अगले एक हफ्ते तक गुनगुनी धूप का आनंद मिलेगा। बीते 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई है और आज सुबह से ही धूप खिली हुई है। इस तरह सितंबर के अंत तक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इधर, बीते दिनों हुई



भारी बारिश से प्रभावित इलाकों में बंद पड़ी सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार फिलहाल प्रदेश में 2 नेशनल हाइवे और 320 सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। ऊना और कुल्लू जिले में एक-एक नेशनल हाइवे बंद है, जबकि मंडी में 105, कुल्लू में 100, कांगड़ा में 40 और शिमला में 21 सड़कें बंद पड़ी हैं। इसके अलावा 46 बिजली ट्रांसफार्मर और 69 पेयजल योजनाएं भी ठप पड़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस मानसून सीजन ने हिमाचल को गहरे जख्म दिए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 454 लोगों की मौत हुई है और 50 लोग अब भी लापता हैं। मृतकों में सर्वाधिक 68 लोग चंबा जिले में मारे गए हैं।

## राजस्थान में आज छह जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर :** विदा होता मानसून अब भी राजस्?थान पर मेहरबानी बरसा रहा है। राजस्थान में बुधवार को मौसम विभाग ने छह जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि मंगलवार को सभी जिलों में मौसम साफ रहा। मौसम में आ रहे बदलाव से दिन में हल्की गर्मी बढ़ गई, लेकिन रात में हल्की ठंडक घुलने लगी है। मौसम विभाग ने बुधवार को छह जिलों झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और सलूम्?बर में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में आगामी एक-दो दिन मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है। जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग समेत पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों से मानसून विदा हो चुका है तथा आगामी 5-6 दिन मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार दिन में सबसे ज्यादा तापमान गंगानगर में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, चूरू में अधिकतम तापमान 38.4, बीकानेर में 37.1, जैसलमेर में 37.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। बाड़मेर में 36.6, फलोदी में 36.8, अलवर में 36.8, जयपुर में 36.5, अजमेर में 34.2, भीलवाड़ा में 35.2, पिलानी में 38.6, सीकर में 35, कोटा में 35.9, चित्तौड़गढ़ में 35.8, हनुमानगढ़ में 37.2, फतेहपुर में 37, करौली में 36.5 और दौसा में 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## सराफा बाजार में लगातार तीसरे दिन मजबूती के नए शिखर पर सोना और चांदी

- 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर के पार पहुंची चांदी

एजेसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में लगातार मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला आज भी जारी है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत आज लगातार तीसरे दिन मजबूती के नये रिकॉर्ड पर पहुंची है। आज के कारोबार में सोने की कीमत में 2,400 रुपये से लेकर 2,620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है। वहीं, चांदी की कीमत में आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आया है।




कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,15,700 रुपये से लेकर 1,15,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,06,000 रुपये से लेकर 1,06,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 1,40,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,15,850 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,06,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,15,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,15,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,15,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,15,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,15,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,06,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,15,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,15,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,15,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुलिस सुरक्षा में तमंचा चलाने वाला अनीश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बागपत :** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में तमंचा लेकर बहन की हत्या करने पहुंचे भाई को महिला पुलिस कर्मियों ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी वन स्टॉप सेंटर पर बहन की हत्या करने के लिए तमंचा लेकर पहुंचा था लेकिन उसकी गोली मिस हो गई। बहन की जान तो बच गई लेकिन जान बचाने के लिए भागे आरोपी भाई को मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा है आरोपी की बहन ने हिंदू परिवार में शादी कर ली जिसका विरोध आरोपी भाई कर रहा था। आरोपी बड़ोत कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है जिसका नाम अनीश है। उसकी बहन ने एक हिंदू युवक से प्रेम किया और शादी कर ली। मामले की शिकायत बड़ोत कोतवाली में की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया और कानूनी कार्रवाई के चलते उसको वन स्टॉप सेंटर बागपत में रखा गया था। मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर पर आरोपी अनीश तमंचा लेकर पहुंचा और पुलिस सुरक्षा में मौजूद बहन पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि तमंचे से गोली नहीं चली गोली मिस हो गयी। तमंचा देखकर वहां अफरा तफरी मच गई। आरोपी अनीस मौके से फरार हो गया। मंगलवार की रात्रि सुल्तानपुर हटाना के पास मिशन शक्ति की महिला पुलिस कर्मियों ने आरोपी अनीश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। एसपी बागपत सूरज कुमार राय प्रतिदिन पुलिस लाइन में पुलिस परेड करा रहे हैं और पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ उनको ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। जिसका नतीजा सामने आया है। घटना के बाद उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को ही आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मिशन शक्ति की महिला टीम द्वारा आरोपी अनीश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी अनीश जिला अस्पताल के बाहर कई घंटे तक बहन की तलाश में था। आसपास के क्षेत्र की रेकी करने के बाद जैसे ही उसको मौका मिला उसने बहन पर फायर झोंक दिया, लेकिन गोली मिस हो गई। अनीस बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज था जिसने हिंदू युवक से शादी कर ली थी। बागपत एसपी सूरज कुमार राय का कहना है किशोरी पर आरोपी द्वारा तमंचा तानकर फायर करने का प्रयास किया गया था लेकिन गोली मिस हो गई। जिसके बाद मिशन शक्ति टीम को अनीश की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया। मंगलवार की रात्रि मिशन शक्ति की टीम आरोपी अनीश की तलाश कर रही थी जैसे ही अनीश मिशन शक्ति की टीम से टकराया अनीश ने टीम पर भी फायर झोंक दिया। महिला पुलिस कर्मियों के साथ उसकी मुठभेड़ हुई है जिसमें अनीश को पर में गोली लगी है और वह जिला अस्पताल में भर्ती है आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

### चंबा में रामलीला मंच पर दशरथ का किरदार निभाते-निभाते कलाकार का निधन

**चंबा :** चंबा में रामलीला के मंचन के दौरान मंगलवार की रात एक हृदय विदारक घटना घटी, जब दशरथ का किरदार निभा रहे वरिष्ठ कलाकार अमरेश महाजन उर्फ शिबू भाई का मंच पर ही हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। दशकों से रामलीला में जीवंत अभिनय करने वाले शिबू भाई ने अंतिम बार मंच पर डायलॉग बोलते हुए अपने साथी कलाकार के कंधे पर सिर रखा और सदा के लिए प्रभु चरणों में लीन हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमरेश महाजन उस समय राजा दशरथ की भूमिका में डायलॉग बोल रहे थे। दर्शकों में पूरी तन्मयता के साथ उनकी भावुक प्रस्तुति सुनी जा रही थी। उसी दौरान उन्होंने मंच पर बैठे अपने साथी के कंधे पर सिर रखा और कुछ ही क्षणों में निःशब्द हो गए। शुरूआत में सबको लगा कि यह भी उनके अभिनय का हिस्सा है, लेकिन डायलॉग रुकने और हरकत बंद होने के बाद मंच पर अफरातफरी मच गई। तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चंबा जिले के मूल निवासी अमरेश महाजन पिछले 50 वर्षों से रामलीला मंचन में सक्रिय थे। दशरथ और रावण की भूमिकाओं में उनकी आवाज और अभिनय का लोहा पूरा जिला मानता था। हर वर्ष उनके अभिनय को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड़ते थे। रामलीला क्लब चंबा के सदस्य सुदेश महाजन ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि यह हमारे लिए सिर्फ एक कलाकार का नहीं, बल्कि रामलीला की आत्मा का निधन है। अमरेश जी का योगदान अमूल्य था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और परिवार को इस वज्र समान दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस असामयिक निधन के बाद चंबा शहर समेत पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। रामलीला क्लब ने आने वाले सभी आयोजनों को कुछ दिन के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज अंतरित करेंगे किसानों के खातों में 337 करोड़ की बोनस राशि



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुधवार को प्रदेश के धान उपार्जित करने वाले किसानों को बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी से बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जित करने वाले किसानों के लिये प्रति हेक्टेयर 4 हजार रुपये बोनस देने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा को अमल में लाने के लिये बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस वितरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज (बुधवार को) होगा। कृषि उपज मंडी प्रांगण में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 6 लाख 69 हजार धान उत्पादक किसानों को 337 करोड़ 12 लाख रुपये की बोनस राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित करेंगे। जनसंपर्क अधिकारी के.के. जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 4315 युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेंगे और बालाघाट जिले में 244 करोड़ रुपये की लागत के 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान-बंधु सहित युवा शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने वाले किसानों को 04 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अधिकतम 10 हजार रुपये बोनस देने की घोषणा की थी। बोनस राशि से बालाघाट जिले के एक लाख से अधिक किसान लाभांवित होंगें।

### छोटे-छोटे गाँव-कस्बों से डोंगरगढ़ पहुँच को आसान बनाएगी पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन






**रायपुर :** नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इस स्पेशल मेमू ट्रेन के परिचालन का उद्देश्य दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालु यात्रियों के लिए डोंगरगढ़ पहुँचना और भी आसान, सुरक्षित, किफायती एवं सुविधाजनक बनाना है । इस ट्रेन का ठहराव मार्ग के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों में दिया गया है, ताकि गाँवझ्र्कस्बों के यात्री भी आसानी से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुँच सकें । नवरात्रि मेले में श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा कई प्रकार की व्यवस्थाएँ की गई हैं । रायपुर से डोंगरगढ़ के मध्य मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । अनेक ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ से रायपुर एवं डोंगरगढ़ से गोंडिया तक किया गया है । साथ ही अनेक मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव डोंगरगढ़ स्टेशन पर दिया गया है, ताकि श्रद्धालु यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे आसानी से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर सकें । यह पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन विशेष रूप से छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्रदान करेगी । कोरबा व नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशनों से डोंगरगढ़ तथा डोंगरगढ़ से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन पश्चात पुनः कोरबा व नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी लौटना इस ट्रेन के माध्यम से और भी सहज हो जाएगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने श्रद्धालु यात्रियों से अपील की है कि वे इस संरक्षित, किफायती और सुविधाजनक स्पेशल ट्रेन सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और दुर्गा पूजा, नवरात्रि में माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर अपनी यात्रा को सुखद बनाएँ ।

न्यूज IN ब्रीफ

## जुबली पार्क में मार्निंग वॉकर को दी जाएगी सीपीआर ट्रेनिंग

**जमशेदपुर :** रोटरी फेमिना की ओर से 25 सितम्बर को स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार की सुबह जुबली पार्क में मार्निंग वॉकर के लिए विशेष सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रेनिंग सुबह 6 बजे से शुरू होगी। इसमें सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. उमेश खान मार्निंग वॉकरों को सीपीआर तकनीक की जानकारी देंगे। आयोजकों के अनुसार, अचानक हृदयगति रुकने या सांस थम जाने की स्थिति में सीपीआर जीवन बचाने की सबसे महत्वपूर्ण तकनीक है। ऐसे में आम लोगों को भी इसका प्रशिक्षण होना जरूरी है। ट्रेनिंग के दौरान प्रतिभागियों को बताया जाएगा कि आपात स्थिति में सीने पर दबाव और श्वास विधि कैसे दी जाती है, ताकि अस्पताल ले जाने से पहले भी मरीज की जान बचाई जा सके। डॉ. उमेश खान ने बताया कि आजकल पार्क, मैदान या घरों में अचानक हार्ट अटैक के मामले सामने आते रहते हैं। यदि आसपास मौजूद लोग सीपीआर देना जानते हों, तो पीड़ित की जान बचाई जा सकती है। यही कारण है कि मार्निंग वॉकरों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसकी जानकारी रोटरी फेमिना क्लब की अध्यक्ष डॉ. रेणुका चौधरी ने दी।

## सीएचडी में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

**धनबाद :** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सेंट्रल हॉस्पिटल में स्त्री रोग एवं प्रसूति (गायनेकोलॉजी) विभाग ने सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दो दिवसीय शिविर के प्रथम दिन 67 महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग और एचपीवी टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक परीक्षण के आधार पर 27 महिलाओं का निःशुल्क पैप स्मीयर टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), सीएचडी डॉ बंदना, विभागाध्यक्ष (गायनेकोलॉजी) डॉ अलका सिंह, वरीय विशेषज्ञ डॉ मनीषा, विशेषज्ञ डॉ शिल्पी वर्मा, पैथोलॉजी विभाग की डॉ शिवानी सहित अन्य डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

## चौक बाजार में इलेक्ट्रिकल्स दुकान से 50 हजार की केबल चोरी

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के चौक बाजार में स्थित रिद्धि सिद्धि इलेक्ट्रिकल्स से मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर दुकान के बाहर रखी कीमती विद्युत केबल उठा ले गए। चोरी गई केबल की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है।दुकानदार आशुतोष काबरा ने बताया कि मंगलवार को बाजार बंदी थी, इस कारण दुकान भी बंद थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की योजना को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे के आसपास अज्ञात चोर दुकान के बाहर रखी केबल ले उड़े और फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार ने तुरंत जुगसलाई थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## मानगो में महिला से मारपीट और छेड़खानी, दो नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

जमशेदपुर : मानगो थाना क्षेत्र के जवाहरनगर तेजाब तलाब रोड नंबर 16 निवासी जोया प्रवीन (25 वर्ष), पति मोहम्मद रहमत अली की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामला मारपीट, छेड़खानी और जान से मारने की नीयत से हमला करने का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही सहजाद खान और साकीफ खान ने एकमत होकर उस पर हमला किया। आरोपियों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और छेड़खानी भी की। घटना के बाद उसने मानगो थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मानगो थाना में बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच का भार पुलिस उपनिरीक्षक रमेश एक्का को सौंपा गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा से पहले सफाई व रोशनी की व्यवस्था करें: सचिव

**जमशेदपुर :** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई, जिसमें पथ निर्माण विभाग और विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारी शामिल हुए। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की ओर से उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, विशेष पदाधिकारी, सिटी मैनेजर और सहायक अभियंता ने भाग लिया। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर सड़क प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और विसर्जन स्थलों की तैयारी पर जोर दिया गया। प्रधान सचिव ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और स्वच्छता ही सेवा अभियान में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## कुमीर्डीह काली मंदिर में पूजा का भव्य आयोजन

**केंदुआ :** कुसुंडा क्षेत्र अंतर्गत गोधर कुमीर्डीह स्थित 15 नंबर के प्राचीन काली मंदिर में मंगलवार को क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि, अधिकारियों व कर्मियों की सुरक्षा को लेकर मां काली की पूजा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य यजमान कुसुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) प्रणव दास ने अपनी धर्मपत्नी एवं संस्कृति महिला समिति की अध्यक्ष अजंता दास के साथ पूजा की। उनके साथ क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सपत्नीक इसआयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यालय को फूलों से सजाया गया था। पुजारी नवीन पांडेय ने पूजन संपन्न कराया। पूजा के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जीएम प्रणव दास ने काली बस्ती और धनसार स्थित एडीआइसी क्षेत्र में भी प्रसाद भिजवाया। इस मौके पर जीएम मा।स। वेदप्रकाश, एजीएम बीके झा, जीएम (एक्सवेशन) एके सिंह, एरिया फाइनेंस मैनेजर सुनील कुमार गुप्ता, एरिया प्रशासनिक प्रमुख देबाशीष बाग, पीओ संजय कुमार, दिलीप कुमार, एमएल राम, अनिल कुमार सिंह, एरिया मैनेजर (ईएंडएम) दीपक कुमार,एरिया सेल्स मैनेजर नीलमणि सिंह, सिविल मैनेजर राकेश कुमार, वरीय मा।स। प्रबंधक योगिता सकलानी, मैनेजर प्रमोद कुमार सिंह, रणजीत कुमार, वीटीसी के राजेश कुमार, मा।स। प्रबंधक अतुल शर्मा, अरुण वर्मा, चंद्रप्रकाश, पर्यावरण विभाग के सूरज कुमार, ट्रांसपोर्ट विभाग के शिव शंकर, ई एंड एम के त्रिपुरारी कुमार, मो। आरिफ, मुकेश कुमार सिंह, सुमेंद्र कुमार, सतेन्द्र कुमार सहित कई अधिकारियों के अलावा अजंता दास, मनीषा प्रकाश, संतु झा, नीतू कुमार, मीनू मिश्रा, सुनीता राम, नीता बाग, पूजा अग्रवाल, मनीषा भारती, विनीता ठक्कर आदि उपस्थित थे।

# रेल रोको आंदोलन को लेकर मामला दर्ज, चक्रधरपुर आरपीएफ थाना में 500 अज्ञात लोगों पर केस

संवाददाता



**चाईबासा :** कुड़मी समुदाय द्वारा शनिवार 20 सितंबर को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन हुआ। पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर में भी रेल रोको आंदोलन का असर देखने को मिला। इस मामले में अब चक्रधरपुर आरपीएफ ने मामला दर्ज कराया है।

कुड़मी समुदाय अपनी मांगों को लेकर शनिवार को सोनुवा स्टेशन पर करीब छह घंटे रेलवे ट्रैक जाम किया। जिससे वहां रेल परिचालन बाधित हुआ। जिसे लेकर सोनुवा स्टेशन प्रबंधक के बयान पर कुड़मी समाज के नेता अमित महतो समेत 500 अज्ञात लोगों पर केस संख्या 881/2025 चक्रधरपुर आरपीएफ थाना में मामला दर्ज किया गया है। रेलवे आरपीएफ ने ट्रैक जाम में शामिल अन्य नेताओं की तस्वीरों से पहचान कर रही है।

**इन धाराओं में मामला दर्ज**

कुड़मी समाज ने अपनी मांगों को लेकर सोनुवा स्टेशन में रेल ट्रैक जाम किया था, जिससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई। रेलवे पुलिस ने इस मामले में रेलवे एक्ट की धारा लगाई है। जिसमें रेलवे इलाके में हल्ला मचाने, रेलकर्मियों को अपना कर्तव्य पालन में अवरोध उत्पन्न करने, प्रतिबंधित रेलवे इलाका में बिना अनुमति प्रवेश करने और ट्रेनों की आवाजाही बाधित करने का आरोप शामिल है।

**आंदोलन का कारण**

कुड़मी समाज एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है। समाज के लोग अपनी मांगों को लेकर सरकार और प्रशासन से आंदोलन कर गुहार लगा रहे हैं। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर शनिवार 20 सितंबर को कुड़मी समुदाय के द्वारा प्रदेशव्यापी रेल रोका आंदोलन का आयोजन किया। इसी के आलोक में चक्रधरपुर के सोनुवा स्टेशन में रेलवे ट्रैक जाम किया गया था।

**20 सितंबर को अहले सुबह से आंदोनल शुरू**

शनिवार को अहले सुबह से ही कुड़मी समाज एकजुट होकर अपने इलाके के नजदीकी रेलवे स्टेशन पर कूच कर गये। इसके बाद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तमाम पाबंदी को तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर बैठ गये। झारखंड की राजधानी रांची के मूरी, टाटीसिल्वे रेलवे ट्रैक पर धरना शनिवार सुबह से ही शुरू हो गया। आंदोलनकारी ट्रैक पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए ट्रैक पर बैठ गए।

इस आंदोलन का असर गिरिडीह में देखने को मिला। आंदोलनकारी शनिवार की सुबह ही ग्रैंड कोड लाइन यानी दिल्ली को गया-धनबाद होते हुए कोलकाता से जोड़ने वाली ट्रैक को पारसनाथ के पास जाम कर दिया। वहीं बोकारो में चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। आरपीएफ ने उनको हटाने की कोशिश की लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ।

**लगातार 12 घंटे तक चला आंदोलन**

एसटी की सूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन शनिवार देर रात तक चला। प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुबह से लेकर देर रात तक रेलवे ट्रैक जाम रहा। रांची के मुरी में 12 घंटे तक तो गिरिडीह के पारसनाथ में करीब 20 घंटे कर आंदोलन चला। इस कारण से वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें घंटों तक फंसी रहीं। बता दें कि पूरे झारखंड में कुल 15 रेलवे स्टेशन पर ये आंदोलन चला।

# चक्रधरपुर में रानी शक्ति मंदिर परिसर में अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया



संवाददाता

चक्रधरपुर स्थित रानी शक्ति मंदिर परिसर में अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर बच्चों ने अपने प्रतिभा और कला का प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों और लोगों का मन मोह लिया इस अवसर पर बच्चों की प्रतिभा और कला को देखकर लोगों ने दांतों तले उंगली दबाने को विवश हुए इस समारोह में उपस्थित अतिथि एवं लोगों के बीच बच्चों ने अपने प्रतिभा और कला बिखेरी इस अवसर पर निर्णायक मंडली में मां दुर्गा की साक्षात रूप धारण करने वाली एवं नृत्य तथा कला को प्रोत्साहित करने वाली तथा बच्चों को प्रशिक्षित करने वाली अमीषा कुमारी भी मुख्य रूप से उपस्थित थी इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे अपने प्रतिभा और कला से लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता बनाने में सफल होते हैं और बच्चे यह संदेश भी देते हैं की मेहनत और लगन से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है अतः हमें इन कलाकारों और बच्चों को हमेशा उत्साहित और प्रोत्साहित करनी चाहिए जिससे कि वह और भी बेहतर तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहें सफल प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

# गढ़वा पुलिस ने बक्सर के दुर्दांत अपराधी धीरज मिश्रा गिरोह के 8 सदस्यों को किया गिरफ्तार

### ज्वेलरी शॉप लूटने की बना रहे थे योजना

संवाददाता



**गढ़वा :** पुलिस ने बिहार के बक्सर निवासी धीरज मिश्रा गिरोह के आठ अपराधियों को गढ़वा से गिरफ्तार किया है। सभी अपराधी एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए गढ़वा आए हुए थे। ये गिरोह पहले से ही पुलिस को खुला चैलेंज कर रहे थे लेकिन समय रहते गढ़वा पुलिस ने इन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**शहर में बढ़ाई गई पेट्रोलिंग**

गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि एसपी को एक गुप्त सूचना मिली थी कि ज्वेलरी शॉप लूटने की फिराक में बिहार का दुर्दांत अपराधी गिरोह सक्रिय है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व मे एक टीम बनाई गई। टीम शहर के टंडवा चौक से लेकर शाहपुर मार्ग तक पेट्रोलिंग लगाई गई।

**पुलिस ने पकड़े आठ अपराधी**

इस बीच शख्त चेकिंग के दौरान तीन बाइक पर आठ अपराधियों को पुलिस ने फिल्मी अंदाज में शहर के पूरनचंद चौक टंडवा से पकड़ा। पकड़े गए अपराधियों के पास से छह देसी कट्टा, जिंदा गोली, चाकू, तीन बाइक तथा नगद सामान बरामद किया। गिरफ्तार सभी अपराधी पलामू, गढ़वा जिले के हैं जबकि तीन अपराधी फरार है।

**ज्वेलरी शॉप की दुकान लूटने की बना रहे थे योजना**

एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि गढ़वा एसपी को सूचना मिली थी कि गढ़वा में ज्वेलरी शॉप की दुकान लूटने की योजना अपराधी बना रहे थे। उसी को देखते हुए एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है, जिसमें आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से छह देसी कट्टा, गोली सहित अन्य सामान की बरामदगी हुई है।

# पटमदा का धूसरा गांव डायरिया की चपेट में, आठ मरीज एमजीएम में भर्ती

**पटमदा :** प्रखंड का आदिम जनजाति सबरों का गांव धूसरा डायरिया की गंभीर चपेट में आ गया है। गांव के लगभग हर घर में लोग बीमार हैं। मंगलवार को स्थिति गंभीर होने पर आठ मरीजों को इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन मरीजों का इलाज इमरजेंसी विभाग में चल रहा है। स्थानीय ग्रामीण सुमन सबर ने बताया कि उनके परिवार के चार सदस्य बीमार हैं। गांव में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और लोग मजबूरी में कुएं का पानी पीते हैं। बरसात के मौसम में कुएं का पानी दूषित हो जाता है, जिससे बीमारी तेजी से फैली है।पटमदा सीएचसी की मेडिकल टीम मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरके सिंह के नेतृत्व में धूसरा ढोलकोचा सबर टोला पहुंचकर डायरिया पीड़ित मरीजों का इलाज किया। सबर टोला के सोनू सबर (70 ), चमचमी सबर (14), मार्शल सबर (10), हर्षचंद्र सबर (44), रानी सबर (11), सोमवारी सबर (28) व दीपक सबर (2) नये मरीजो को माचा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से पीड़ित सूरजमणि सबर (19), मालती सबर (18) व शुकमल सबर ( 11) को जांचोपरांत सीएचसी प्रभारी डॉ आरके सिंह ने एमजीएम अस्पताल भेज दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ आरके सिंह ने बताया कि सीएचसी में लाये गये सभी मरीजों की स्थिति ठीक है। पारिवारिक चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पूरे गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। मौके पर आइडीएसपी डॉ अशद, एएनएम शोभा महतो व मणिवला सिंह आदि मौजूद थे।

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की मांगग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि इस तरह की बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक न तो स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची है और न ही प्रशासन ने कोई मदद की है।

**उबला हुआ पानी पीने की सलाह**

डॉ रवींद्र कुमार ने डायरिया से बचाव के लिए लोगों को साफ और उबला हुआ पानी पीने, भोजन को ढंककर रखने और अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी है। इधर एमजीएम अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि पटमदा से आये सभी मरीज डायरिया से पीड़ित हैं। दूषित पानी ही इसका संभावित कारण हो सकता है।

हर दिन आ रहे आधा दर्जन मरीज : एमजीएम अस्पताल के शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार ने बताया कि बरसात में डायरिया के मामले तेजी से बढ़ते हैं। रोजाना करीब आधा दर्जन बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ बलराम झा ने कहा कि उनके ओपीडी में भी प्रतिदिन कई मरीज आ रहे हैं। इसमें से कुछ को भर्ती करना पड़ा है।

## सुरक्षित ट्रेन परिचालन से रेलवे में सेफ्टी ऑडिट शुरू

**जमशेदपुर :** ट्रेन परिचालन के सुरक्षा संसाधनों की स्थिति जांचने दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के मुख्य संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) कमल किशोर सिन्हा ने बुधवार सुबह टाटानगर पहुंचे। टाटानगर में एक्सीडेंट रिलिफ ट्रेन व अन्य विभागों का निरीक्षण कर सीआरएस बादामपहाड़ मार्ग में रवाना हो गए। उन्होंने हल्दीपोखर रेलवे हाल्ट और यार्ड में लोडिंग व अनलोडिंग व्यवस्था जांची। इसके बाद स्टेशन-दर-स्टेशन बादामपहाड़ तक जांच करने की योजना है।

# पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार, सामने आई इंटरस्टेट गैंग की संलिप्तता

संवाददाता



**रांची :** जिला के खलारी थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधी राहुल दास एक इंटरस्टेट आपराधिक गिरोह का सदस्य है। गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किया गया है।

**21 सितंबर की रात हुआ था हमला**

रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि 21 सितंबर की रात खलारी थाना क्षेत्र में गश्ती में तैनात सशस्त्र बल के ऊपर पुरनी राय स्थित बंबई होटल के पास समय करीब 12 बजे रात्रि बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के सफेद बाइक सवार संदिग्ध और सफेद रंग की कार के पास खड़े 4-5 अज्ञात संदिग्ध अपराधकर्मियों द्वारा फायरिंग की गयी थी।

इस गोलीबारी में गश्ती में तैनात हवलदार रामशरेख शर्मा के पैर में गोली लगने से वो गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। इस संबंध में गश्ती दल के पदाधिकारी पुअनि रवि कुमार सोनी के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी के क्रम में घटना में संलिप्त अपराधकर्मी राहुल दास (उम्र 29 वर्ष, पिता सहेन्द्र दास सा- बलेरी, थाना- हंटरगंज, जिला- चतरा) को राय-बुढ़मू रोड स्थित पाही जंगल के पास से हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल सफेद रंग की कार (मारुती सुजुकी बलेनो) और बिना नंबर का सफेद रंग की बाइक (अपाची) बरामद किया गया है।

**कुख्यात अपराधी है राहुल**

ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ से पता चला कि यह इंटरस्टेट आपराधिक गिरोह का सदस्य है, जो झारखंड के रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा और गिरिडीह जिला और बिहार के गया समेत अन्य जिलों में कई लूट, डकैती जैसे जघन्य आपराधिक कांडों में आरोपित है। यह अपराधी घटना से एक सप्ताह पूर्व शेरघाटी जेल से छूटा था और फिर से योजना बनाकर इस क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए मौके की ताक में था। इसी दौरान गश्ती दल की नजर अपराधियों पर पड़ गई, पकड़े जाने के डर से राहुल दास ने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गया।